# आज जलेगी बुराई की होली
# कल बिखरेंगे खुशियों के रंग

कटनी, यशभारत। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन का पर्व मनाया जाता है। होलिका दहन के अगले दिन रंगों वाली होली होती है। इस साल पूर्णिमा दो दिन पड़ने के कारण कई जगहों पर होलिका दहन कल कर ली गई है। वहीं, कई जगहों पर आज की जाएगी। पंचांग के अनुसार, इस साल पूर्णिमा तिथि दो दिन होने के कारण होलिका दहन की तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बनी थी हालांकि कटनी में लोगों ने आज 7 मार्च को ही होलिका दहन किया। दरअसल, होलिका दहन का मुहूर्त तीन चीजों पर निर्भर करता है। पूर्णिमा तिथि, प्रदोष काल और भद्रा न हो। ऐसा बहुत ही कम होता है कि होलिका दहन इन तीनों चीजों के साथ होने पर हो। लेकिन पूर्णिमा तिथि के दिन होलिका दहन का होना बेहद जरूरी है। पूर्णिमा के रहते हुए पुच्छ काल में यानी भद्रा के आखिरी समय में होलिका दहन करना शुभ माना जाता है।



### होलिका दहन का महत्व

हिंदू धर्म के अनुसार होलिका दहन का पौराणिक और धा4मिक महत्व दोनों ही है। क्योंकि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाती है। इसके साथ ही इस दिन होलिका दहन की विधिवत पूजा करते हैं और अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। इतना ही नहीं इसके साथ ही बसंत ऋतु का स्वागत करते हुए अग्नि देवता को धन्यवाद देते हैं।

### होलिका दहन 2023 पूजा विधि

होलिका की पूजा से पहले भगवान नरसिंह और प्रहलाद का ध्यान करें। इसके बाद होलिका में फूल, माला, अक्षत, चंदन, साबुत हल्दी, गुलाल, पांच तरह के अनाज, गेहूं की बालियां आदि चढ़ा दें। इसके साथ ही भोग लगा दें। फिर कच्चा सूत लपेटते हुए होलिका के चारों ओर परिवार के साथ मिलकर परिक्रमा कर लें। इसके बाद होलिका में जल का अर्घ्य दें और सुख-समृद्धि की कामना करें। फिर सूर्यास्त के बाद प्रदोष काल में होलिका दहन करें।

### कटनी में होली का उत्साह

कटनी शहर उपनगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में होली को लेकर उत्साह पूरे चरम पर है। होलिका दहन के साथ बुराई का अंत तथा सत्य और अच्छाई की विजय के प्रतीक के रूप में आज होलिका दहन होगा। शहर में सुभाष चौक में इस बार भी फूलों की होली खेली जाएगी। कार्यक्रम संयोजक अवकाश जायसवाल ने बताया कि दोपहर 3 बजे से यह शुरू होगी। सायं यहां कलाकारों द्वारा आक्रेष्टा तथा रात्रि में होलिका दहन किया जाएगा। इसी तरह गांधी होलिका उत्सव समिति भी प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष होलिका दहन करेगा। यहां होलिका की प्रतिमा के साथ चांडक चौक घंटाघर सड़क निर्माण को लेकर व्यंग्य भी दिखाया गया जिसकी काफी चर्चा है। प्रतिवर्ष इसी तरह ज्वलंत मुद्दों पर यहां झांकी सजाई जाती है। इसके अलावा शहर में अन्य कई स्थानों पर होलिका दहन करने की तैयारियां जमकर चल रही हैं।

### होली बम, बिखरेंगे रंग

होली लेकर बाजारों में खास रौनक देखने को मिल रही है। इस बार देसी पिचकारी का बोलबाला है तो वहीं चाइनीस पिचकारी बाजार से गायब थी नजर आ रही हैं। कई प्रकार के खास रंग भी बाजार में नजर आ रहे हैं। इस बार होली में दीपावली जैसे आसमान में धूम धड़ाका होगा लेकिन इसमें बारूद नहीं बल्कि रंग आसमान में घुलता हुआ नजर आएगा।

### गड़बड़ी की तो खैर नहीं

होली को लेकर जिलेभर में सतर्कता बरती जा रही है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने के साथ ही जिले में पुलिस ने मार्च किया। पुलिस अफसर ने पैदल तथा बाइकों पर सवार होकर मार्च में शामिल हुए। जिले में ढाई सौ से अधिक स्थानों पर होली दहन होगा। कल पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशानुसार शहरी क्षेत्र में एडएसपी, सीएसपी के साथ शहर के थाना प्रभारी चौकी प्रभारी ने पुलिस अमने के साथ पैदल मार्च किया। ठीक इसी तरह सभी थाना क्षेत्र में पुलिस फोर्स के साथ मार्च किया।



## कलेक्टर व एसपी का शहर की सड़कों में फ्लैग मार्च

### लोगों से किया शांति व सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील

**कटनी, यशभारत।** होली पर्व शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने प्रशासनिक व पुलिसिया प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। होलिका दहन की पूर्व संध्या पर कल सोमवार को कलेक्टर अवि प्रसाद व पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने पुलिस बल के साथ शहर की सड़कों में फ्लैग मार्च करते हुए लोगों से शांति व सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान भी चलाया और लोगों को यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने की नसीहत दी। फ्लैग मार्च के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह, कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा, कुठला थाना प्रभारी अरविंद जैन, एनकेजे थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय, रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नितिन कमल, यातायात थाना प्रभारी सूबेदार विनोद दुबे, झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी रश्मि सोनकर, बस स्टेण्ड चौकी प्रभारी प्रियंका राजपूत, खिरहनी फाटक चौकी प्रभारी के.के.पटेल सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।




## कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्रमांक/5565/ज.प्र.वि./2022-23 — कटनी, 06.03.2023

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में कटनी नदी स्थित बैराज के जलस्तर में गिरावट आ जाने के कारण ग्रीष्मकाल में भी पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से हो सके इस हेतु प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार की पेयजलापूर्ति में आंशिक कटौती की जा रहा है।

दिनांक 08/03/2023 दिन बुधवार एवं दिनांक 09/03/2023 दिन गुरुवार को होली पर्व होने के कारण उक्त दिनांक को पेयजलापूर्ति में कटौती नहीं की जावेगी एवं दोपहर 12.30 से 01.00 बजे तक आधे घण्टे अतिरिक्त पेयजल सप्लाई की जावेगी।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, कटनी

## आम सूचना

मेरे पक्षकार श्री हरीश मुल्तानी वल्द स्व. श्री डा. बालचंद मुल्तानी निवासी शांति नगर हेमुकालाणी वार्ड कटनी, माधवनगर कटनी तहसील व जिला कटनी की ओर से आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षकार मौजा ग्राम झिंझरी प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. पहाड़ी स्थित खसरा क्रमांक 332 रकवा 0.35 हेक्टेयर, एन.बी.नं. 223, कुल रकवा 0.35 हेक्टेयर भूमि पूर्व में क्रय अनुसार मालिक स्वामी काबिज हैं तथा राजस्व अभिलेखों में आवेदक का नाम दर्ज है, उक्त भूमि के दस्तावेज अनुसार रजिस्टर्ड सेल डीड सीरियल नं. 2215 पेज क्र. 41 से 47 ग्रंथ क्रमांक 2953 दिनांक 31.10.1988 है जो कि अन्यंत्र कहीं गिर गए है जिसकी जानकारी भी संबंधित पुलिस स्टेशन में 04.03.2023 को दर्ज करा दी गई है। यह कि मेरे पक्षकार ने अपने स्वामित्व संबंधी दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतिनिधि को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया एस.एम.ई. शाखा माधवनगर ब्रांच कोड 12282 में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी व्यक्ति संस्था या शासकीय वित्तीय संस्थान बैंक को उपरोक्त संपत्ति के बंधक किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा कोई व्यक्ति उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर किसी प्रकार का कोई हित व दावा रखता हो तो वह कार्यालय स्टेट बैंक एस.एम.ई. शाखा माधवनगर में इस आम सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, उक्त अवधि के बाद किसी भी व्यक्ति या संस्था की कोई आपत्ति व विवाद मान्य नहीं होगा, और विधि अनुसार उक्त संपत्ति का बंधक कराया आयेगा।

कटनी दिनांक 07.03.2012

भवदीय

**मौसूफ अहमद (एडव्होकेट)**
एम.पी. हाईकोर्ट जबलपुर कार्यालय 786, गुरुनानक वार्ड, कटनी (म.प्र.)
9827273786, 9179786786

## कार्यालय नगर परिषद बरही, जिला-कटनी (म.प्र.)

Phone & Fax No. 07626-274220, E-Mail- cmobarhi@mpurban.gov.in

क्रमांक /2038/ राजस्व / न.प./ 2023 — बरही, दिनांक: 28/02/023

### // निविदा सूचना //

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद बरही द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के (01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक) दैनिक एवं साप्ताहिक बाजार बैठकी वसूली का ठेका दिया जाना है। इस हेतु इच्छुक व्यक्ति / ठेकेदार अपनी दरें सीलबंद लिफाफे में दिनांक 16.03.2023 को समय दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित अमानत राशि जमा कर नियम / शर्तो के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। लिफाफे दिनांक 16.03.2023 को दोपहर 3:00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोले जावेंगें। नियम / शर्त नगर परिषद बरही के राजस्व शाखा के कार्यदिवस में अवलोकन किया जा सकता है।

| क्र. | ठेके का विवरण | ठेके की शासकीय राशि | अमानत राशि | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साप्ताहिक एवं दैनिक बाजार बैठकी वसूली ठेका | 9,50,000=00 | 25,000=00 | 01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक | 1,000=00 |

अध्यक्ष, नगर परिषद बरही, जिला कटनी (म.प्र.) — उपाध्यक्ष, नगर परिषद बरही, जिला कटनी (म.प्र.) — मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद बरही, जिला कटनी (म.प्र.)


Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow

From 03rd March 2023

| Cineworldz Cinema Katni by CMW | | |
|---|---|---|
| Schedule for the week 03 to 07 March,2023 | | |
| Tuesday Offer @99 all Day, all show* | | |
| Audi-01 | Show | Rate |
| SELFIEE | 12.30.00 PM | 110-140-170-250 |
| SELFIEE | 3.30.00 PM | 110-140-170-250 |
| SELFIEE | 6.30.00 PM | 110-140-170-250 |
| SELFIEE | 9.30.00 PM | 110-140-170-250 |
| Audi-02 | Show | Rate |
| - | - | - |
| - | - | - |
| - | - | - |
| - | - | - |
| Audi-03 | Show | Rate |
| GHAZNAVI 2D HINDI | 1.00.00 PM | 110-140-140 |
| INCAR 2D HINDI | 4.00.00 PM | 120-150-150 |
| GHAZNAVI 2D HINDI | 6.15.00 PM | 120-150-150 |
| INCAR 2D HINDI | 9.30.00 PM | 120-150-150 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) कटनी, मध्यप्रदेश

E-mail ID:- modgmkat@mp.gov.in

क्रमांक/ 2513 / खनिज / 3 प / 2022 — कटनी, दिनांक 09/11/2023

### // सूचना //

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स मातेश्री ट्रेडिंग प्रा०लि०, डायरेक्टर श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, निवासी ग्राम पोस्ट गांधीग्राम, तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर के द्वारा म०प्र० गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 क के तहत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 07.02.2022 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | आवेदित रकबा (हे०में) | भूमि का प्रकार निजी / अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| कटनी | बड़वारा | अमगवां | 114/3 | 2.00 | अन्य भूमिस्वामियों की भूमि | डोलोमाईट | - |
| | | | 115 | 2.00 | | | |
| योग- | | | | 4.00 | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता है तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, (खनिज शाखा) जिला कटनी में आपत्ति का लेख/कारण दर्शाते हुये लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करे। नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति / दावे पर विचार नही किया जाएगा।

G-24052/22

प्रभारी अधिकारी (खनिज शाखा)
जिला कटनी (म.प्र.)

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है


किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति
एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है
संपर्क-8109417340








## कार्यालय नगर परिषद, विजयराघवगढ़, जिला कटनी (म०प्र०)

फोन नं ......................ईमेल – cmovijayraghavgad@mpurban.gov.in

क्र० 2036/PWD/NP/2023 — विजयराघवगढ, दिनांक –03.03.2023

### //ई निविदा आमंत्रण सूचना//

एतद् द्वारा लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंर्तगत सक्षम क्षेणी के पंजीयक कृत ठेकेदार/फर्म से अधोलिखित विवरण अनुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिनांक 02 अगस्त 2021 एवं ससमस्त संसोधन सहित प्रभावशील प्रचलित आई.एस.एस.आर के आधार पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन राशि (रू० में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा फार्म का शुल्क | श्रेणी | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2023_UAD_257937_1 | कायाकल्प अभियान अंतर्गत नवीन बस स्टेण्ड मुख्य मार्ग से वार्ड क्र 10 मुख्य मार्ग तक सी.सी. सड़क मरम्मत कार्य एवं आजाद चौक से नवीन बस स्टेण्ड तक सी.सी. सड़क मरम्मत कार्य | 40,68,535/– | 30,600/– | 5,000/– | New PWD Reg. | 45 दिन |

शर्तें–(1) निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे । (2) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 06.03.2023 से 21.03.2023 सायं 5:30 बजे तक है । (3) ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि 21.03.2023 सायं 5:30 बजे तक है । (4) अमानत राशि एवं अन्य निविदा संबंधित दस्तावेज केवल ऑन लाईन ही मान्य किये जावेगे । निविदा दिनांक 24.03.2023 को 12:00 से खोली जावेगी । (5) निर्धारित शपथ पत्र (Affidavit) नवीन प्रारूप अनुसार । **नोट** – (1) निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में केवल ऑनलाईन संशोधन किया जावेगा, समाचार पत्रों में नहीं । (2) निविदाकार को ई.पी.एफ. का पंजीयन प्रमाण देना अनिवार्य होगा । (3) निविदाकार लेबर विभाग का पंजीयन प्रमाण दर स्वीकृति उपरांत देना अनिवार्य होगा । Cost Escalation Clause लागू नहीं होगा।

अध्यक्ष, नगर परिषद विजयराघवगढ — मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद विजयराघवगढ

आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

HAPPY HOLI

# यश भारत

नये जमाने के साथ...

● वर्ष- 17 अंक 35 ● कटनी ● मंगलवार, 7 मार्च, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

» न्यूज गैलरी

## आज लालू यादव से पूछताछ करेगी सीबीआई मचा सियासी घमासान

**पटना, एजेंसी।** नौकरी के बदले जमीन मामले में सीबीआई आज लालू प्रसाद यादव से पूछताछ करेगी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने इस मामले में लालू यादव के साथ ही उनके परिवार को भी आरोपी बनाया है। सोमवार को सीबीआई ने लालू की पत्नी राबड़ी देवी से पूछताछ की। इसके बाद सीबीआई ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके परिवार के अन्य



सदस्यों को आज विशेष अदालत में पेश होने के लिए समन भेजा था।इस बीच, सीबीआई का कार्रवाई पर सियासी घमासान भी शुरू हो गया है। बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा, 2024 के चुनावों से पहले ऐसा तो होता रहेगा। यह राजनीतिक दुश्मनी है। केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। सीबीआई के अनुसार, जब लालू प्रसाद 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहे, तब उन्होंने समूह डी में नियुक्तियों के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर भूमि के हस्तांतरण के रूप में आर्थिक लाभ प्राप्त किया था। रेलवे के विभिन्न जोन में पोस्ट में भर्ती के बदले यह भूमि घोटाला किया गया।मामला सामने आने के बाद सीबीआई ने पिछले साल 10 अक्टूबर को लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी सहित 16 आरोपियों के खिलाफ आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार के अपराधों के लिए चार्जशीट दायर की थी। चार्जशीट के अनुसार, लालू प्रसाद और अन्य के खिलाफ प्रारंभिक जांच के परिणाम के अनुसार मामला दर्ज किया गया था।

## अब ईडी करेगी सिसोदिया से पूछताछ

### हैदराबाद का शराब व्यवसायी को दिल्ली में गिरफ्तार

**नई दिल्ली एजेंसी।** दिल्ली शराब घोटाले मेंअब प्रवर्तन निदेशालय भी मनीष सिसोदिया से पूछताछ करेगी। ईडी सिसोदिया से मनी लॉन्ड्रिंग केस में तिहाड़ जेल में ही पूछताछ करने वाली है। इसके पहले ईडी सिसोदिया का बयान रिकॉर्ड करने के लिए राउज एवेन्यू कोर्ट से इजाजत मांगेगी।के अधिकारी किसी भी समय तिहाड़ पहुंच सकते हैं। इसी केस में



ईडी ने हैदराबाद के शराब कारोबारी अरुण रामचंद्र पिल्लई को गिरफ्तार कर लिया है। यह इस मामले में 11वीं गिरफ्तारी है। पिल्लई को लंबी पूछताछ के बाद सोमवार शाम गिरफ्तार किया गया है। अरुण शराब कारोबारियों के च्साउथ ग्रुपज का हेड है। उसे लोकल कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां श्वष्ठ पूछताछ के लिए उसकी कस्टडी की मांग करेगी। सिसोदिया को सोमवार को ही दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 मार्च तक के लिए ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा है। सिसोदिया को पिछले महीने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। सोमवार को हुई सुनवाई में स्पेशल CBI जज एमके नागपाल ने सिसोदिया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था।




## होली पर्व की शुभकामनाएं

रंगों के महापर्व होली पर यश भारत परिवार की ओर से सुधि पाठकों , अभिकर्ताओं, एजेंटों, समाचार पत्र विक्रेताओं, विज्ञापन दाताओं और शुभचिंतकों को गुलाल भरी हार्दिक शुभकामनाएं।

– संपादक

## अवकाश सूचना

होली के उपलक्ष्य में यश भारत कार्यालय में 8 एवं 9 मार्च को अवकाश रहेगा। अगला अंक 10 मार्च को प्रकाशित होगा।

–प्रबंधक

## बैतूल के प्रभुढाना में सामूहिक नकल...

# 15 शिक्षक, दो भ्रत्य सस्पेंड, दो की सेवा समाप्त

■ बैतूल, यशभारत।

जिले में बोर्ड परीक्षा में सुनियोजित तरीके से नकल कराने का मामला ग्राम प्रभुढाना के परीक्षा केंद्र पर सामने आया है। कलेक्टर ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए प्राचार्य, माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षकों और भृत्य सहित 23 के खिलाफ निलंबन अथवा सेवा समाप्ति की कारवाई की है। शिक्षा विभाग के परीक्षा प्रभारी सुबोध शर्मा ने बताया कि सोमवार छह मार्च को कक्षा 12 वीं का भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र एवं अन्य वैकल्पिक विषयों का प्रश्नपत्र था। जिलास्तरीय उडनदस्ता दल द्वारा शासकीय उमावि प्रभुढाना स्थित परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया, जिसमें परीक्षा केंद्र पर शिक्षकों एवं भृत्यों द्वारा नकल सामग्री बनाए जाने एवं परीक्षार्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाया जाना पाया गया।

शासकीय उमावि प्रभुढाना में बनाए केंद्र पर शासकीय उमावि प्रभुढाना एवं शासकीय उमावि चुनालोहमा के परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे थे। इन्ही दोनों शालाओं के पांच शिक्षक एवं परीक्षा केन्द्र




### प्राचार्य और तीन शिक्षकों को निलंबित करने के प्रस्ताव भेजे

पर भृत्य का कार्य कर रहे एक भृत्य परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में स्थित प्राथमिक शाला भवन के कक्ष में बैठकर प्रश्न पत्र में आए प्रश्नों के लिए नकल सामग्री तैयार करते हुए पाए गए। जबकि परीक्षा केंद्र से 100 मीटर के दायरे में अनाधिकृत रूप से किसी की भी उपस्थिति प्रतिबंधित है। इसके साथ ही परीक्षा कार्य में उसी शाला के शिक्षक, शिक्षिकाओं को पर्यवेक्षण कार्य सौंपने की मनाही है। इसके बावजूद वे वहां मौजूद थे। निरीक्षण दल द्वारा प्राथमिक शाला भवन के कक्ष में उपस्थित शिक्षक, शिक्षिकाओं के कथन लिए गए। मौके पर कक्ष में पाई गई पाठ्यपुस्तकें, विषय की गाईड, कागज कार्बन, जिन पर नकल बनाये जाने का कार्य किया जा रहा था, तथा मोबाइल जब्त कर पंचनामा बनाया गया। इतना ही नहीं, केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष द्वारा मोबाईल फोन निर्धारित समय में पंचनामा बनाकर अलमारी में सील बन्द कर नहीं रखे गए थे। प्राथमिक शाला के कक्ष में पाए गए मोबाईल पर आज का ही प्रश्नपत्र स्कैन प्रति में पाया गया। परीक्षा कार्य से जुडे भृत्य, प्राथमिक शाला कक्ष एवं परीक्षा भवन के मध्य आते जाते पाया गया। इस संदर्भ में कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस द्वारा कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस समग्र प्रक्रिया में एक हाईस्कूल प्राचार्य, दो उच्च माध्यमिक शिक्षक, पांच माध्यमिक शिक्षक, 10 प्राथमिक शिक्षक, एक संविदा शाला शिक्षक एवं तीन भृत्य कुल 22 लोक सेवकों को तत्काल प्रभाव से निलम्बित/सेवा समाप्त किये जाने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग को दिए गए। जबकि एक माध्यमिक शिक्षक पर निलंबन की कारवाई जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से भेजे गए प्रस्ताव पर होगी।

## सैनिक, उनके परिवार चीनी मोबाइल इस्तेमाल न करें

### खुफिया एजेंसियों ने आगाह किया, एडवाइजरी जारी की

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

चीन से लगी सीमा एलएसी पर तनाव के बीच खुफिया एजेंसियों ने एक एडवाइजरी में कहा है कि देश के सैनिक चीनी मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें। सैनिकों के परिवार के सदस्यों को भी चीनी फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।



इसके लिए सभी रक्षा यूनिट्स और फॉर्मेशन्स को अपने कर्मियों को आगाह करने को कहा गया है। एजेंसी को मिले दस्तावेजों के मुताबिक, सैन्य खुफिया एजेंसियों ने सैनिकों और उनके परिवारों को भारत के शत्रु देश के फोन खरीदने या उनका उपयोग नहीं करने की सलाह दी है। सूत्रों ने कहा कि यह एडवाइजरी इसलिए जारी की गई है, क्योंकि चीनी कंपनियों के मोबाइल फोन में मैलवेयर और स्पाईवेयर पाए जाने के मामले सामने आए हैं।

### इन मोबाइल फोन से है खतरा

खुफिया एजेंसियों ने परामर्श के साथ ऐसे मोबाइल फोन की सूची भी दी है, जिससे देश की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इनमें इन चीनी कंपनियों के फोन शामिल हैं- वीवो, ओप्पो, श्याओमी, वन प्लस, ऑनर, रियल मी, जेडटीई, जियोनी, आसुस, इनफिनिक्स।

### चीनी ऐप भी हटाए

पहले भी जासूसी एजेंसियां चीनी मोबाइल फोन एप्लिकेशन के खिलाफ बहुत एक्टिव रही हैं। कई चीनी ऐप सैन्य कर्मियों के फोन से हटा दिए गए थे।

## दिल्ली अस्पतालों में 15प्रश बढ़े मामले

# युवाओं में अचानक मौतों का निकला कोरोना कनेक्शन

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

अगर आप युवा हैं और कोरोना के घातक वायरस की चपेट में आ चुके हैं, तो आपको अपनी सेहत को लेकर काफी सतर्क रहने की जरूरत है। दरअसल सेहत से जुड़ी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। डॉक्टरों का कहना है कि जो लोग करोना वायरस की चपेट में आ चुके हैं, उन लोगों में अचानक हार्ट अटैक से मौत का खतरा सबसे ज्यादा है। ऐसे में मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। दिल्ली के कुछ अस्पतालों में 10 से 15त्न की बढ़ोतरी देखी गई है। यह चौंकाने वाली जानकारी हाल ही में एक अमेरिकी रिसर्च के बाद सामने आई है। रिसर्च के मुताबिक, कोरोना वायरस से पीड़ित हो चुके लोगों में कार्डियक अरेस्ट, स्ट्रोक का खतरा सबसे ज्यादा है। हालाकि भारत सरकार की ओर से इस बाबत कोई डेटा सार्वजनिक नहीं किया गया है।



### 20 साल के युवा भी खतरे की जद में

मैक्स अस्पताल, साकेत में कार्डियक विभाग के डायरेक्टर डॉ बलबीर सिंह ने बताया कि अचानक हार्ट अटैक से मरने वाले लोगों में 20 साल के युवा भी शामिल हैं। ऐसे मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हालांकि उन्होंने कहा कि इस मामले में अभी और रिसर्च और स्टडी की जरूरत है। कोरोना से पहले देश में 50 साल से कम आयु वर्ग के लोग 15 फीसदी लोग ही अचानक हार्ट अटैक की चपेट में आते थे, लेकिन अब 24 फीसदी तक ऐसे मामलों में बढ़ोतरी हो गई है।

## मौसम का कहर



# आज भी बारिश, फसलें बर्बाद बिजली गिरने से दो की मौत

■ भोपाल, एजेंसी।

मध्यप्रदेश में हो रही बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज आंधी से फसलें बर्बाद हो गई हैं। आज भी सूबे में कई जगह सुबह से बारिश हुई। मंदसौर, रतलाम, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, भोपाल समेत कई जिलों में गेहूं-चने की फसलें बिछ गई हैं। सरकार ने सर्वे भी शुरू करा दिया है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन यानी 9 मार्च तक तेज आंधी के साथ बारिश और ओले गिरने की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो मार्च में पिछले 12 साल से बारिश का ट्रेंड रहा है। 2006 में एक ही दिन में पौने 2 इंच (44.7 मिमी) बारिश हुई थी। मंगलवार को भी भोपाल, इंदौर समेत करीब 30 जिलों में बारिश के आसार हैं। प्रदेश में पिछले 3 दिन से मौसम बदला हुआ है। प्रदेश में लगभग आधे जिले तरबतर हो गए हैं। सोमवार को राजधानी में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। मंदसौर शहर, मंदसौर जिले के पिपलियामंडी और मल्हारगढ़ में मक्के के आकार के ओले गिरे। यहां फसलों की डोडियां टूट गईं।



### ओले भी गिरेंगे, मार्च में 12 साल से यही ट्रेंड

### मप्र में अगले तीन दिन तेज बारिश

अफीम की फसल पानी में धुलने से पत्ते भी टूट गए। रतलाम के नगरा, प्रीतमनगर सहित कई इलाकों में ओले गिरने से फसलें झुक गईं। नीमच में डेढ़ घंटे में डेढ़ इंच बारिश हुई। यहां सड़कों पर बारिश का पानी बह निकला। जिले में कई स्थानों पर ओले भी गिरे। फसलों को नुकसान पहुंचा है। राजगढ़, उज्जैन, छिंदवाड़ा, विदिशा में भी बारिश हुई। बिजली गिरने से शाजापुर और उज्जैन जिले में दो मौतें भी हुई हैं। शाजापुर जिले के ग्राम देंदला में सोमवार को अशोक कुमार अपने खेत पर काम कर रहा था। इसी दौरान बारिश होने पर अशोक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया, तभी बिजली गिरी, जिसकी चपेट में अशोक आ गया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732

## कोविड की तरह फैलता है HxNw एन्फ्लूएंजा

### एम्स के पूर्व निदेशक गुलेरिया ने कहा- सावधान रहे

■ नई दिल्ली,ईएमएस।

एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने देश में फैल रह HxNw एन्फ्लूएंजा से लोगों को सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह कोरोना के जैसी ही फैलता है। इससे बचने के लिए मास्क पहनें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और बार-बार हाथ धोते रहें। बुजुर्गों और पहले से ही किसी बीमारी से परेशान लोगों को इससे ज्यादा परेशानी हो सकती है। उधर, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को हेल्थ एक्सपर्ट्स के साथ एन्फ्लूएंजा के बढ़ते मामलों पर चर्चा करने के लिए एक बैठक की। इसमें एक्सपर्ट्स ने कहा कि देश में कोरोना के मामले कम हुए हैं, लेकिन फ्लू के मामले बढ़ रहे हैं। यह फ्लू कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है। एक्सपर्ट्स ने इससे बचने के लिए भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनने की सलाह दी है।



## 4 मई से शुरू होगी आदि कैलास और ओम पर्वत की यात्रा, बुकिंग शुरू

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) ने प्रसिद्ध आदि कैलास और ओम पर्वत की यात्रा का कार्यक्रम तय कर दिया है। इस साल यह यात्रा 4 मई से शुरू होगी। यात्रा की आनलाइन व आफलाइन बुकिंग भी शुरू हो गई है। केएमवीएन की ओर से आदि कैलास यात्रा 2023 का संचालन चार मई से नवंबर तक किया जाएगा। केएमवीएन के महाप्रबंधक एपी बाजपेयी ने बताया कि यात्रा के लिए बुकिंग प्रक्रिया शुरू की गई है। मई और जून में यात्रा के 20 दल रवाना किए जाएंगे। प्रत्येक दल में 40 यात्री शामिल होंगे। यात्रा को सुविधापूर्ण और बेहतर बनाने के लिए यात्रा रूट के सभी अतिथि विश्राम गृहों के प्रबंधकों को निर्देशित कर दिया गया है।

# पढ़ाई के साथ नौकरी भी कर सकेंगे भारतीय छात्र

### अमेरिका ने नई वीजा सेवा का किया एलान

■ वाशिंगटन, एजेंसी।

अमेरिकी सरकार ने सोमवार को कुछ वीजा आवेदनों के लिए प्रीमियम प्रोसेसिंग योजना शुरू की है। इससे अमेरिका आने के इच्छुक अंतरराष्ट्रीय छात्रों को फायदा मिलेगा। विज्ञान, तकनीक, प्रोद्यौगिकी और गणित की पढ़ाई करने अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों को भी इससे बड़ा फायदा होगा। अमेरिका के यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज ने एलान किया है कि STEM के क्षेत्र में ओपीटी (वैकल्पिक व्यवहारिक प्रशिक्षण) करने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों को इससे फायदा होगा। मतलब अब वह पढ़ाई के साथ ही काम भी कर सकेंगे।




यूएससीआईएस के अनुसार, वीजा की प्रीमियम प्रोसेसिंग सेवा छह मार्च से शुरू हो गई है। वहीं कुछ अन्य कैटेगरी के लिए यह सेवा तीन अप्रैल से शुरू होगी। यूएससीआईएस के निदेशक यूआर एम जदाउ का कहना है कि एफ-1 छात्रों को प्रीमियम प्रोसेसिंग के साथ ही ऑनलाइन फाइलिंग और इमीग्रेशन में भी फायदा दिया जाएगा। भारतीय मूल के अजय भुतोरिया ने भी अमेरिकी सरकार के इस कदम की सराहना की है। भुतोरिया ने कहा कि यह विदेशी छात्रों के लिए कमाल की खबर है, जो लंबे समय से अपने ओपीटी को मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहे थे।

## पाकिस्तान की यूनिवर्सिटी में होली मना रहे हिंदू छात्रों पर हमला, 15 घायल

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान में हिंदुओं या कहें गैर मुस्लिमों पर अत्याचार कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तान में हिंदू अल्पसंख्यक हैं और इन्हें अपने त्योहारों को भी डर-डर कर मनाना पड़ता है। पाकिस्तान में एक कट्टरपंथी इस्लामी छात्र संगठन ने होली खेल रहे छात्रों पर सोमवार को हमला बोल दिया। मामला पंजाब यूनिवर्सिटी का है, जिसमें कथित तौर पर 15 छात्र घायल हो गए। होली रंगों का त्योहार है, लेकिन पाकिस्तान जैसे मुल्क में कट्टरपंथियों को यह रंग किसी मिर्च की तरह लगते हैं। इस घटना का अब वीडियो सामने आया है। पंजाब यूनिवर्सिटी के लॉ कॉलेज में 30 हिंदू छात्र होली मनाने के लिए इकट्ठा हुए थे। विश्वविद्यालय के एक छात्र और एक प्रत्यक्षदर्शी काशिफ ब्रोही ने बताया, जैसे ही छात्र लॉ कॉलेज के परिसर में इकट्ठा हुए, इस्लामी जमीयत तुलबा के कार्यकर्ताओं ने उन्हें जबरन होली मनाने से रोक दिया, जिसके कारण झड़प हुई।

## लंदन में राहुल गांधी का ताजा बयान

### आरएसएस को बताया फासीवादी संगठन

# मुस्लिम ब्रदरहुड से की तुलना

■ लंदन, एजेंसी।

सांसद राहुल गांधी का लंदन दौरा जारी है और भारत सरकार के खिलाफ उनकी बयानबाजी भी। लंदन स्थित हाउस ऑफ पार्लियामेंट के परिसर में ब्रिटिश सांसदों से चर्चा के दौरान भी कांग्रेस नेता ने कई बयान दिए। उन्होंने कहा, भारत में डेमोक्रेटिक कम्पटीशन का तरीका पूरी तरह से बदल गया है। इसका कारण राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) है। यह एक कट्टरपंथी और फासीवादी संगठन है, जिसने भारत की लगभग संभी संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। आरएसएस मुस्लिम ब्रदरहुड की तर्ज पर बना है।इसने मुझे चौंका दिया कि वे (आरएसएस) हमारे देश के विभिन्न संस्थानों पर कब्जा करने में कितने सफल रहे हैं। प्रेस, न्यायपालिका, संसद और चुनाव आयोग सभी खतरे में हैं और आरएसएस एक गुप्त समाज (सीक्रेट सोसाइटी) है। यह मुस्लिम ब्रदरहुड की तर्ज पर बनाया गया है, और विचार यह है कि सत्ता में आने के लिए लोकतांत्रिक प्रतियोगिता का उपयोग किया जाए और फिर बाद में लोकतांत्रिक प्रतियोगिता को खत्म कर दिया जाए।बकौल राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी एक विचार है। हमने भाजपा की तुलना में कई वर्षों तक देश पर शासन किया है। च्बीजेपी को कोई नहीं हरा सकताज्यह मीडिया में एक नैरेटिव है। मैं मीडिया की इस बात से सहमत नहीं हूं। मैं जमीन पर लोगों को सुनता हूं। 'भाजपा मान बैठी है कि वह हमेशा सत्ता में बनी रहेगी, लेकिन ऐसा नहीं है और यह कहना कि कांग्रेस चली गई, ये एक हास्यास्पद विचार है।' केरल के वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने इस दौरान यह भी बताया कि चुनावों की कांग्रेस में लगातार हार क्यों हो रही है? उन्होंने कहा, भारत में ऐसे बदलाव हुए हैं,। जिन्होंने कांग्रेस और यूपीए सरकार को अचंभित कर दिया था, जैसे कि ग्रामीण से शहरी में बदलाव।



### कांग्रेस की खामियों पर क्या बोले राहुल?

राहुल गांधी ने कांग्रेस कर कमियों और खाामियों पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने भारत में हो रहे बदलावों की ओर इशारा किया। कहा, यूपीए सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित किया। हम शुरुआत में शहरी क्षेत्र में चूक गए। यह एक सच्चाई है। लेकिन यह कहना कि भाजपा सत्ता में है और कांग्रेस चली गई है, यह वास्तव में है एक हास्यास्पद विचार।

## बैंक खाते में 172 करोड़...सब्जी बेचने वाले को आईटी ने भेजा नोटिस

### बैंक बैलेंस देख अधिकारियों के फूले हाथ पांव

■ गाजीपुर, एजेंसी।

गाजीपुर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक सब्जी विक्रेता को उसके बैंक खाते में 172.81 करोड़ों रुपए के ट्रांजैक्शन में इनकम टैक्स नहीं देने का नोटिस मिला है। वहीं सब्जी विक्रेता विनोद रस्तोगी का कहना है कि उन्हें इस बाबत कोई जानकारी नहीं है। रस्तोगी के अनुसार किसी ने उनके डाक्यूमेंट्स का गलत इस्तेमाल कर खाता खोला है। गहमर के मैगर राव पट्टी के रहने वाले सब्जी विक्रेता विनोद रस्तोगी के पास इनकम टैक्स के वाराणसी सर्किल से एक नोटिस भेजा गया है। नोटिस के अनुसार यूनियन बैंक में उनकी ओर से संचालित खाते में 172.81 करोड़ रुपए हैं। इन पैसों का उनकी ओर से टैक्स नहीं भरा गया है। नोटिस मिलने के बाद विनोद रस्तोगी इनकम टैक्स ऑफिस पहुंचे और उन्होंने इस बाबत और जानकारी हासिल करने की कोशिश की। जानकारी करने पर उन्हें मालूम हुआ कि जिस खाते की बात आयकर विभाग कर रहा है। वह उनकी ओर से खोला ही नहीं गया है।



## सीएम की मंत्रियों को समझाइश

# प्रभार वाले जिलों में दें समय कार्यकर्ताओं से रहें संपर्क में




■ भोपाल, यशभारत।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को अपने जन्मदिन पर मंत्रियों के साथ बैठक की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में मंत्रियों को समझाइश दी गई। सीएम ने मंत्रियों को प्रभार वाले जिला में ज्यादा से ज्यादा समय देने को कहा। साथ ही उन्हें कार्यकर्ताओं से संपर्क में रहने के लिए कहा गया। बीजेपी ने 2023 के विधानसभा चुनाव में सत्ता की वापसी के लिए तैयारी तेज कर दी है। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ ही बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा शामिल थे।

### नकारात्मक फीडबैक वाले मंत्रियों को हिदायत

बैठक में मंत्रियों को प्रभार वाले जिलों में ज्यादा से ज्यादा समय देने और कार्यकर्ताओं के संपर्क में रहने को कहा गया। बैठक में नकारात्मक फीडबैक वाले मंत्रियों को अपना व्यवहार और परफार्मेंस सुधारने को भी कहा गया। इसका आधार संगठन की सर्वे रिपोर्ट को बताया गया। मंत्रियों को सोशल मीडिया पर भी सक्रियता बढ़ाने को कहा गया। साथ ही बूथ विस्तारक अभियान-2 में मंत्रियों का अपनी सक्रियता बढ़ाने को कहा गया। साथ ही कमजोर बूथ पर भी फोकस करने को कहा गया। मंत्रियों को संगठन के कामों को प्राथमिकता देने को कहा गया है। साफ कहा गया कि संगठन और कार्यकर्ताओं के कारण ही आप मंत्री हैं। संगठन के कामों में सक्रियता नहीं दिखाने वाले मंत्रियों और कार्यकर्ता की नाराजगी दूर नहीं करने वाले मंत्रियों को आगे स्वयं उत्तरदायी होने की बात बैठक में कही गई।

### जन्मदिन पर रोपा पौधा

इससे पहले सीएम शिवराज ने जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, प्रदेश सह प्रभारी डॉ. रामशंकर कठेरिया, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं मध्यप्रदेश शासन के मंत्री, वरिष्ठ नेता, पार्टी पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं के साथ पौधा लगाया।

# बेमौसम वर्षा-आंधी से चरमराई व्यवस्थाएं, चार घंटे अंधेरे में डूबा रहा शहर, लोगों का बिजली कंपनी से संपर्क भी कटा

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी में सोमवार को हुई वर्षा ने बिजली व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। श्यामला हिल्स, प्रोफेसर कालोनी, इंद्रपुरी, लक्ष्मीनगर समेत शहर के अधिकतर क्षेत्रों में बिजली गुल हो गई। शाम करीब सवा छह बजे से गुल हुई बिजली रात 10 बजे तक नहीं आई। तब तक लोगों को परेशान होना पड़ा। इस दौरान बिजली कंपनी के चैटबोट नंबर को छोड़कर बाकी के माध्यमों से संपर्क कट गया। हालांकि रात 10 बजे के बाद ज्यादातर क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल करना शुरू कर दिया था लेकिन रात 12 बजे तक कुछ क्षेत्रों में अंधेरा छाया हुआ था। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बिजली बंद होने की वजह इंद्रपुरी, लक्ष्मीनगर समेत कई क्षेत्रों में तारों पर पेड़ व उनकी डालिया गिरना और फीडरों के इंसुलेटर अचानक खराब होना



बताया। वहीं शाहपुरा शासकीय स्कूल के भवन की एक दीवार भी तेज वर्षा के बीच गिर गई।

अरेरा कालोनी व कोटरा क्षेत्र में 33केवी के दो-दो फीडर बंद हो गए। ये फीडर इंसुलेटर के खराब होने के कारण बंद हो हुए थे। जिसके कारण कालोनियों में शाम 6.30 बजे से आपूर्ति बंद हो गई। उल्लेखनीय है कि कोटरा में 33केवी का एक व दो नंबर का फीडर बंद हुआ था। जिसके कारण प्रोफेसर कालोनी, श्यामला हिल्स क्षेत्र में 11केवी के चार फीडर बंद हुए थे। वहीं अरेरा कालोनी ई-एक व ई-दो में 33 केवी के दो फीडर बंद हुए थे। इस वजह से आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि वातावरण शुष्क था। ऐसे समय में इंसुलेटर गर्म हो गए थे, इन पर अचानक वर्षा की बूंदे पड़ने के कारण वे खराब हो गए। वर्षा के थमते ही इन्हें ठीक करने के बाद आपूर्ति बहाल कर दी थी। भोपाल रेलवे स्टेशन क्षेत्र में शाम करीब 7.40 बजे अचानक बिजली गुल हो गई, जो कि करीब दो घंटे तक रात 9-40 तक नहीं आई। इसके बाद 10 मिनट के लिए आई फिर से गुल हो गई।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, कैलाश पर्वत हिंदू और बौद्ध दोनों धर्मों की आस्था का केंद्र

■ भोपाल, यशभारत।

केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि सनातन और बौद्ध धर्म में कई समानताएं हैं। तिब्बती बौद्ध धर्म में मंडला एवं अन्य पद्धतियां नालंदा विश्वविद्यालय में तैयार की गई। कैलाश पर्वत हिंदू और बौद्ध दोनों धर्मों की आस्था का केंद्र है। सिंधिया भोपाल में चल रहे तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय धर्म धम्म सम्मेलन के समापन सत्र में



रविवार को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सांस्कृतिक चेतना की नई लहर शुरू करने का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने बौद्ध पर्यटन को ब?ावा देने के लिए बौद्ध सर्किट को केंद्र में रखकर हवाई मार्ग तैयार किए हैं। शुक्रवार से शुरू हुए इस आयोजन का शुभारंभ राष्टपति द्रौपदी मुर्मु ने किया था। इसकी थीम 'नए युग में मानववाद का सिद्धांतज् थी। अंतिम दिन जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली के प्रोफेसर रामनाथ झा ने कहा कि प्रकृति का मूल एक है जो पुरुष और स्त्री के रूप में उद्घाटित होता है। महर्षि वेदव्यास, वाल्मीकि, जाबाली और ऐतरेय ब्राह्मण लिखने वाले महिदर ऋषि ब्राह्मण नहीं थे और वेदों में 27 ऋषिकाओं का जिक्र आता है। ऐसे में सनातन धर्म का ब्राह्मण आधारित वर्ण व्यवस्था से जोड़ना कल्पना है। कोलकाता विश्वविद्यालय के पाली के प्रोफेसर शाश्वती ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर पर बौद्ध धर्म का बड़ा प्रभाव था।



# भाजपा से निष्कासित प्रीतम लोधी की वापसी तय, सीएम के साथ लगाया पौधा

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियों तेज हो गई है। चुनाव से पहले बीजेपी रूठे और नाराज चल रहे नेताओं को मनाने में जुट गई है। सोमवार को बीजेपी से निष्कासित प्रीतम लोधी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ पौधा लगाने स्मार्ट सिटी पार्क पहुंचे। हालांकि उनकी बीजेपी में वापसी को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई। लेकिन इसे प्रीतम लोधी की बीजेपी में जल्द ही आधिकारीक वापसी होने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर प्रीतम लोधी ने कहा कि पौधारोपण करने आ जाऊं। इसकी जड़े मजबूत हो। फल कोई खाए उसकी चिंता नहीं है। वहीं, सीएम ने प्रीतम लोधी की वापसी को लेकर कहा कि वह हमारी साथी है। आज साथ में पेड़ लगाने आए हैं। बता दें प्रीतम लोधी को अगस्त में ब्राह्मण और कथावाचकों को लेकर दिये विवादित बयान के चलते बीजेपी से निष्कासित कर दिया गया था। इस पर लोधी ने कहा क मेरा मकसद किसी को दुखी करना नहीं था। अपने बयान के लिए माफी मांग चुका हूं। निष्कासन के बाद जनता ने मुझे हाथों हाथ लिया। मेरी बात सही थी, तभी लोगों ने इतना प्यार दिया। बागेश्वर धाम को लेकर प्रीतम लोधी ने कहा कि चमत्कार वगैरह कुछ नहीं होता है। यह सब ट्रिक हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने सीएम के जन्मदिवस पर पौधा लगा मांगा रिटर्न गिफ्ट



■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के बाकी सत्र से निलंबित कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन पर पौधा लगाया। पटवारी ने पौधा लगाकर सीएम से रिटर्न गिफ्ट भी मांगा। कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया पर पौधा लगाने का वीडियो शेयर कर लिखा कि आदरणीय मुख्यमंत्री शिवराज जी जन्मदिन की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं। पटवारी ने आगे लिखा कि एक वृक्ष, मेरा उपहार भी अभिनंदनीय प्रयास है। छोटे भाई के नाते रिटर्न-गिफ्ट में इस बार किसान को तीन हजार प्रति क्विंटल भुगतान का निवेदन कर रहा हूं। इस प्रार्थना को सुनिए, मैं आपका नागरिक अभिनंदन करुंगा।

### चयनित महिला अभ्यर्थियों ने शिक्षक भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग की



■ भोपाल, यशभारत।

शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 की चयनित महिला अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को 64वें जन्मदिवस पर शुभकामनाएं देते हुए ज्ञापन पत्र सौंपा।ज्ञापन में उन्होंने उच्च एवं माध्यमिक शिक्षकों के रिक्त पदों में वृद्धि के साथ शिक्षक भर्ती पूर्ण कराने की मांग की।पात्र अभ्यर्थियों का कहना है कि 2018 में मुख्यमंत्री ने 50 प्रतिशत महिला आरक्षण के साथ 62 हजार उच्च एवं माध्यमिक शिक्षक भर्ती की घोषणा की थी, जो कि आज तक अधूरी है। हमे लाड़ली भांजी एवं बेटियों को एक हजार रुपये की खैरात की आवश्यकता नहीं है, बल्कि हमें पदवृद्धि के साथ नियुक्ति पत्र की आवश्यकता है। वहीं शिक्षक पात्रता परीक्षा संघ के प्रदेश संयोजक रंजीत गौर का कहना है कि अगर जल्द मांगें पूर्ण नहीं होती है।तब बहुत जल्द प्रदेश स्तरीय आंदोलन किया जाएगा।साथ ही विधानसभा के आगामी चुनावों में भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदेश के लाखों डीएड व बीएड़ एवं पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रचार-प्रसार भी करेंगे।अभ्यार्थियों का कहना है कि उन्होंने उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक शिक्षक की च्वाइस फिलिंग दो माह पूर्व कर दी थी , लेकिन अभी तक नियुक्ति आदेश जारी नही किए जा रहे है ।कृषि,भूगोल,संस्कृत, समाजशास्त्र एवं इतिहास आदि के रिक्त पदों में वृद्धि कर तृतीय काउंसलिंग शुरू की जाए।पुनरावृत्ति पर रोक लगाते हुए अन्य अभ्यर्थियों को चयन सूची में शामिल किया जाए।प्रथम चरण के ईडब्ल्यूएस वर्ग के उच्च माध्यमिक शिक्षकों के 1,039 सहित अन्य सभी वर्गों के कुल 6,530 रिक्त पदों को समायोजित कर चयन सूची जारी की जाए।

# बिल्डिंग परमिशन शाखा ने चिंहित किए 255 अवैध कालोनाइजर्स

■ भोपाल, यशभारत।

नगर निगम द्वारा शहर में निर्मित और निर्माणाधीन अवैध कालोनियों के खिलाफ कार्रवाई शुरु कर दी है। भवन अनुज्ञा शाखा के कर्मचारी निरंतर ऐसे क्षेत्रों का औचनक निरीक्षण कर कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं, जहां अवैध कालोनाइजर्स पनप रहे हैं। बीते तीन महीने में अधिकारियों ने ऐसे 255 अवैध कालोनाइजर्स को चिंहित किया है। इनमें 96 को नाटिस जारी करने के साथ 159 लोगों के खिलाफ एफआइआर भी दर्ज कराई है।अवैध कालोनाइजर्स के खिलाफ कार्रवाई के साथ नगर निगम द्वारा नागरिकों को भी चेतावनी दी है कि 31 दिसंबर 2016 के बाद निर्मित अवैध कालोनियों में भूखंडो की खरीदी व विक्रय न



करें। अनाधिकृत कालोनियों में भूखण्ड खरीदने से पहले नागरिक नगर निगम की भवन अनुशा शाखा तथा संबंधित जोन कार्यालय से कालोनी अनाधिकृत है या नहीं तथा समस्त प्रकार की अनुमतियां प्राप्त की गई है अथवा नहीं के संबंध में जानकारी प्राप्त करें। वहीं नई अवैध कालोनियों का निर्माण ना हो इसके लिए निरंतर शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। बीते दिनों में भवन अनुज्ञा शाखा के अधिकारियों व इंजीनियरों के दल ने जोन क्रमांक 01, 15, 16, 17 और 20 के कोलूखेड़ा, भैंसाखेड़ी, मालीखेड़ी, लालघाटी, बैरागढ़, खेजड़ा बरामद, अयोध्या बायपास, ग्राम महोली, भानपुर जेल रोड, विदिशा रोड एवं करोंद आदि क्षेत्रों का सघन भ्रमण किया। इस दौरान ढाई सौ से अधिक कालोनियों के निर्माणकर्ताओं के खिलाफ अनाधिकृत कालोनियों से संबंध में नोटिस देने के साथ संबंधित थानों में एफआइआर दर्ज कराई जा रही है।बता दें नगर निगम की सीमा में कोलार और नीलबड़ क्षेत्र में सबसे ज्यादा अवैध कालोनिया खेत का डायवर्सन किए बगैर काटी जा रही है। कई कालोनियों में विकास शुल्क भी वसूला जा रहा है, जबकि संबधित बिल्डर या कालोनी संचालक ने इसे नगर निगम में जमा भी नहीं किया है।

## फायर एडवायजरी के नियमों की अनदेखी शहर में

# जनसंख्या के हिसाब से पर्याप्त नहीं है दमकल और फायर स्टेशन

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी में नगर निगम द्वारा नागरिकों की सुरक्षा ताक पर रखकर नेशनल फायर एडवायजरी के नियमों की अनदेखी की जा रही है। शहर में जनसंख्या के हिसाब से दमकल और फायर स्टेशन नहीं हैं। ऐसे में आग की घटना होने पर समय पर राहत और बचाव कार्य मुश्किल होता है। कई बार तो दमकल के पहुंचने तक सारा सामान जलकर राख हो जाता है। इसके बावजूद यहां 50 की बजाय 80 हजार लोगों पर एक दमकल और दो जगह तीन लाख लाख लोगों पर एक फायर स्टेशन है।बता दें कि शहर की वर्तमान जनसंख्या के अनुसार नगर निगम में चार फायर आफिसर और एक मुख्य फायर आफिसर होना चाहिए, लेकिन निगम के पास एक भी नहीं है। निगम में मात्र दो ही सहायक फायर आफिसर हैं, जबकि कम से कम आठ होने चाहिए। साथ ही नेशनल फायर एडवायजरी के तहत दो लाख की आबादी और एक से तीन किमी के क्षेत्र में एक फायर स्टेशन होना चाहिए। लेकिन राजधानी में 28 लाख की आबादी पर मात्र 11 फायर सब स्टेशन ही हैं। लेकिन इनमें आठ ही सक्रिय हैं। जबकि तीन फायर स्टेशन आइएसबीटी, यूनानी सफाखाना और कबाड़खाने में एक-एक दमकलें खड़ी रहती हैं। यहां पर्याप्त व्यवस्थाओं की कमी है। यही नहीं जो फायर सब स्टेशन हैं, वे भी अपने से आठ से दस किमी के क्षेत्र को कवर कर रहे हैं। इससे आग लगने पर राहत और बचाव कार्य शुरु होने में समय अधिक लगता है।शहर में अभी आइएसबीटी, गोविंदपुरा इंडस्ट्री एरिया, पुल बोगदा, छोला फायर स्टेशन, पुराना कबाड़खाना, गांधी नगर एयरपोर्ट, संत हिरदाराम नगर, कोलार, माता मंदिर, यूनानी शफाखाना व फतेहगढ़ कंट्रोल रूम को मिलाकर कुल 11 फायर स्टेशन हैं, जबकि शहरी क्षेत्र में प्रत्येक जोन के हिसाब से एक बनाया जाना था।

### राजनीतिक दलों से सामूहिक त्याग पत्र देंगे तेलिक साहू राठौर समाज के लोग

भोपाल,ईएमएस। तेलिक साहू राठौर समाज के लोग राजनीतिक दलों से सामूहिक त्यागपत्र देंगे। यह अपील रविवार को भारतीय तेलिक साहू राठौर महासभा के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष सत्येंद्र साहू ने की है। वे मानव भवन में बुलाई प्रदेश स्तरीय बैठक में बोल रहे थे। यह बैठक दो अप्रैल को जंबूरी मैदान में होने वाले साहू सकल समाज महा कुंभ को सफल बनाने के लिए बुलाई थी। उनका कहना है कि कहा कि सभी राजनैतिक दल समाज के लोगों को झुनझुना के रूप में प्रकोष्ठों मोर्चो में छोटे मोटे पद देते हैं। तत्काल सामूहिक रूप से इस्तीफे दे कर राजनैतिक दलों के कार्यालयों में ढेर लगा दो। हमे सांसद, विधायक, मंत्री, महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष के पद चाहिए। छोटे पद नहीं नही चाहिए। भोपाल जिला अध्यक्ष रविंद्र साहू ने भोपाल जिला वा आसपास के स्वजातीय बंधुओ को आने जाने के लिए बसों की व्यवस्था की जिम्मेदारी ली। दिनेश सिल्लन साहू ने कहा कि मध्य प्रदेश में साहू राठौर 40 लाख के आसपास है जिनमे 20 लाख मातृशक्ति है।

# अवैध हथियार रखने के आरोपित को पकड़ने गई पुलिस पर हमला, वाहन भी तोड़े

■ भोपाल, यशभारत।

निशातपुरा के पारधी डेरा इलाके में रविवार रात एक विशेष समाज के लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिस एक अवैध हथियार रखने के आरोपित को वारंट तामील कराने गई थी। इस दौरान लोगों ने पुलिस को घेर कर पुलिस के साथ झूमाझटकी कर दी और पुलिस के वाहनों पर पत्थर मारकर उसे तोड़ दिए।घटना के बाद पुलिस को आरोपित की गिरफ्तारी करने से भी रोका गया। पुलिस घायल आरक्षक की शिकायत पर शासकीय कार्य में बाधा और पुलिस के वाहन में तोड़फोड़ करने का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। निशातपुरा थाना प्रभारी रूपेश दुबे के मुताबिक एहसान नगर पारधी डेरा निशातपुरा में अवैध हथियार रखने के लिए मामले में आम्स एक्ट के मामले में किसान पारधी का कोर्ट से वारंट जारी किया गया था। पुलिस उसकी तामील कराने के लिए एहसान नगर गई थी, जहां पर उसके पूरे परिवार ने पुलिस को घेर लिया और आस पड़ोस के 20- 30 को जमा कर लिया। इस दौरान पुलिस को आरोपित की गिरफ्तारी करने से रोका गया और इस दौरान आरक्षक संजेश परमार के साथ झूमाझटकी कर उसके साथ बदसलूकी की।

### पुलिस के वाहनों में की तोड़फोड़



इस दौरान पुलिस को आरोपित की गिरफ्तारी करने से लोगों ने रोका और पुलिस चार्ली के वाहनों में पत्थर मारकर उनमें जमकर तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान पुलिस की दो तीन वाहन बुरी तरह टूट गए। पुलिस ने इस मामले में जब कार्रवाई करने की बात की तो इस लोगों ने पुलिस को सामाजिक संगठनों का दबाव दिखाकर धमकाया और जान देने की बात कही। घटना के बाद थाना प्रभारी ने पूरे घटनाक्रम से आला अधिकारियों को अवगत करा दिया है। फिलहाल किसी की इस मामले में गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

## 30 समूहों की 82 दुकानों को ठेके पर देने के लिए लाटरी प्रक्रिया शुरू

# आबकारी विभाग ने 82 शराब दुकानों के लिए तय की 865 करोड़ रुपये की रिजर्व प्राइस

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी में नई आबकारी नीति के शराब दुकानों का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा। इसके बदले अब शराब दुकानों का आवंटन लाटरी प्रक्रिया के तहत होगा। आबकारी विभाग द्वारा मंगलवार से 30 समूहों की 82 दुकानों को ठेके पर देने के लिए लाटरी प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए इन सभी दुकानों की रिजर्व प्राइस 865.38 करो? रुपए तय की गई है। इसमें राजधानी के शहरी क्षेत्र के करोंद समूह की 3 दुकानों की सर्वाधिक रिजर्व प्राइस 56.35 करोड़ निर्धारित की गई है। वहीं, सबसे कम रिजर्व प्राइस 14.96 करोड़ रुपए सुभाष नगर समूह की रखी गई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में नजीराबाद



समूह की चार दुकानों की सबसे कम रिजर्व प्राइज 7.48 करोड़ रुपए रहेगी। बता दें कि आबकारी विभाग ने मौजूदा कुल 90 दुकानों में से तीन दुकानें 100 मीटर के क्राइटेरिया मे आने के कारण खत्म कर दी गई है। लाटरी प्रक्रिया में ये तीनों समूह शामिल नहीं हो सकेंगे। इसमें केवल 30 समूह की 82 दुकानें ही शामिल हो सकेंगी। इसके अलावा शराब कारोबारी भी अन्य समूहों की दुकानों की लाटरी प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। उन्हें उनकी मौजूदा दुकानों की लाटरी प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं रहेगी। इधर, जिन दुकानों की रिजर्व प्राइस तय की है। इनमें सबसे महंगे सात समूह है। एक शराब कारोबारी का कहना है कि अहाते खत्म किए जाने और कारोबार में मार्जिन कम होने के चलते इतने महंगे ठेके लेना घाटे का सौदा ही साबित होगा। शराब दुकानों को ठेके पर देने के लिए लाटरी प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होकर नौ मार्च तक जारी रहेगी।

सर्वाधिक रिजर्व प्राइस की 10 दुकानें

दुकान - रिजर्व प्राइस करोड़ में

करोंद- करोंद चौराहा, भानपुर और सूखी सेवानिया 56.45

कोलार रोड- कोलार रोड, नयापुरा एक और दो 51.11

# अनपढ़ चोर कर रहा था सूने मकानों में चोरी

## पुलिस को चकमा देने अपनाई यह तरकीब

**भोपाल, यशभारत।** अयोध्या नगर इलाके में करीब छह माह से एक चोर पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। वह जेल से छूटने के बाद चोरी करने में लग गया था। वह दिन के समय सूने मकानों में पुराने अखबार देखकर रेकी करता था और रात में मकानों के ताले तोड़कर चोरी करता था। पुलिस ने उस अनपढ़ चोर को गिरफ्तार कर लिया है। वह चोरी की वारदात करने के बाद रायसेन भाग जाता था, पुलिस ने चोरी करते हुए उसे रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।पुलिस का दावा है कि उसने दस चोरी की वारदात कबूल कर ली है, लेकिन दस चोरियों के राजफाश में पुलिस सिर्फ एक लाख का माल बरामद कर पाई है। पुलिस ने चोरी का माल खरीदने तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि मोबाइल नहीं रखने के कारण वह पुलिस बचता आ रहा था। पुलिस उपायुक्त श्रद्धा तिवारी ने बताया कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए अयोध्या नगर पुलिस के साथ आसपास के थानों की मिलाकर एक-एक विशेष टीम द्वारा रात में गश्त कराई जा रही थी। इसी दौरान अयोध्या नगर में एक सूने मकान का ताला तोड़ने की कोशिश करते समय पुलिस टीम को संदेही मिला। उसे थाने लाकर पूछताछ की तो वह ग्राम खजूरिया थाना बेगमगंज जिला रायसेन निवासी टीकाराम लोधी निकला।उसका अच्छा खासा आपराधिक रिकार्ड था। पुलिस उपायुक्त् श्रद्धा तिवारी ने बताया कि आरोपित टीकाराम एक शातिर चोर है। वह छह माह पहले ही जेल से छूटकर आया था ।

# अवैध कॉलोनाइजर पर दर्ज होगी एफआईआर

## स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम भेड़ा का मामला

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने अवैध कॉलोनी निर्माण के लिए दोषी मानते हुए स्लीमनाबाद तहसील के भेडा ग्राम निवासी वेदप्रकाश मिश्रा के विरूद्ध पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देष दिए है। कलेक्टर न्यायालय मे प्रचलित इस मामले मे अनुविभागीय अधिकारी कटनी के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने वेदप्रकाश मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कि आपको अवैध कॉलोनी निर्माण का दोषी मानते हुए म0प्र. ग्राम पंचायत कॉलोनियों का निर्माण नियम के तहत क्यां न कॉलोनी का प्रबंधन ले लिया जाये। इमलिया मे वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा वैध अनुमति के बिना पृथक - पृथक 24 व्यक्तियों को वर्गफुट मे भूमि विक्रय की गई जो मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत अवैध कॉलोनी निर्माण को प्रमाणित करता है। इसलिए अनुविभागीय अधिकारी कटनी को न्यायालय कलेक्टर द्वारा एफआई.आर दर्ज कराने निर्देशित किया गया है। अवैध कॉलोनी निर्माण की भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्टेड है, जिसमें प्लाट के रूप में 24 व्यक्तियों को विक्रय किया गया है। पक्का रास्ता तथा नाली का निर्माण नहीं है। पार्क हेतु भूमि नहीं छोड़ी गई तथा विदयुत हेतु पृथक से ट्रांसफार्मर तथा विदयुत पोल नहीं लगवाये गये हैं। भूमिस्वामी वेदप्रकाश पिता श्रीधर मिश्रा द्वारा कॉलोनाईजर लायसेंस तथा वैध ले आउट प्लान संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये हैं। उक्त प्लाटिंग स्थल नयागांव इमलिया खदान के पास है। अनुविभागीय अधिकारी कटनी के द्वारा यह भी प्रतिवेदित किया गया कि तहसीलदार कटनी ग्रामीण द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर प्रकरण दर्ज करते हुये दिनांक 25 नवंबर 2022 को स्थगन आदेश जारी किया गया। प्रकरण में जारी स्थगन आदेश जारी किये जाने के उपरांत भी निर्माण कार्य बंद नहीं हुआ।



# छल कपट कर वृद्धा से रजिस्ट्री कराने की शिकायत में नया मोड़

## जांच में पता चला आवेदिका ने पूर्व में ही विक्रय कर दी थी जमीन

**कटनी,यशभारत।** वृद्धा से छल कपट कर जमीन की करवा ली रजिस्ट्री के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए कार्यालय तहसीलदार तहसील बरही जिला कटनी को मामले की जॉच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। निर्देश के परिपालन में तहसील बरही के माध्यम से वृद्धा से छल कपट कर जमीन की करवा ली रजिस्ट्री के संबंध में लेख किया गया है कि आवेदिका विमला तिवारी पति स्व. फूलचंद तिवारी निवासी पिपरियाकलॉ के संबंध में रामकुमार पिता मोहनलाल पटेल एवं धर्मेन्द्र पिता रामकुमार पटेल दोनों निवासी पिपरियाकलॉ द्वारा आवेदिका कि चल-अचल संपत्ति को अपने नाम छल-कपट से करा लिये जाने के के संबंध में हल्का पटवारी से जांच कराई गई । हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन मय पंचनामा पेश कर लेख किया गया है कि आवेदिका विमला तिवारी के नाम ग्राम पिपरियाकलॉ में कोई भूमि नहीं है। ग्राम पिपरियाकलॉ में आबादी भूमि में 2 कमरा एवं परछी पक्का एवं 2 कमरा एक परछी का कच्चा मकान बना है जिसमें निवास करती है। लगभग 20'30 वर्गफुट की बाडी बनी है। फूलचंद पिता स्व.गुलाब ऊर्फगोकुल प्रसाद तिवारी निवासी पिपरियाकला ने ग्राम पिपरियाकलॉ स्थित भूमि ख.नं.1531/1 रकवा 0.46 हे.रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 23 नवंबर 2019 को धर्मेन्द्र कुमार पिता रामकुमार पटेल निवासी ग्राम पिपरियाकला को कीमत 50000 रूपये से विक्रय कर दिया था, जिसका नामांतरण आदेश दिनांक 28 दिसंबर 2019 के अनुसार स्वीकृत होने से अभिलेख दुरूस्त है। वर्तमान में ख.नं.1531/1 रकवा 0.46 हे. धर्मेन्द्र कुमार पिता रामकुमार पटेल के नाम दर्ज है उक्त भूमि पर धर्मेन्द्र कुमार वल्द रामकुमार पटेल का कब्जा है। हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि आवेदिका के पति फूलचंद पिता स्व. गुलाब ऊर्फ गोकुल प्रसाद तिवारी निवासी पिपरियाकलॉ ने ग्राम पिपरियाकलॉ स्थित भूमि ख.नं. 1531/1 रकवा 0.46 हे. रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 23. नवंबर 2019 द्वारा विक्रय किया गया है।



# मझगवां दुकान में वितरित हुआ फोर्टिफाइड चावल



## उपभोक्ताओं को फोर्टिफाइड चावल के फायदों हेतु किया जा रहा जागरूक

**कटनी,यशभारत।** आदिवासी बहुल्य गांव मझगवां ग्रामीणों को राशन में मिले प्लास्टिक के चांवल ग्रामीणों का आरोप की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) जिला कटनी को मामले की जॉच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। निर्देश के अनुपालन में विभाग द्वारा वास्तविक स्थिति की जाँच उपरांत आदिवासी बहुल्य गांव मझगवां ग्रामीणों को राशन में मिले प्लास्टिक के चांवल ग्रामीणों का आरोप के संबंध में अवगत कराया कि मझगवां में दुकान में फोर्टिफाइड चावल वितरण हेतु भेजा गया। फोर्टिफाइड चावल के संबंध में उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिये दैनिक समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित किये गये हैं। समाचार पत्रों के माध्यम से उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि फोर्टिफाइड चावल धोते समय जो चावल के दानें पानी पर तैरतें हैं उन्हें बीनकर अलग न करें, चावल पकाते समय उतना ही पानी डाले जितना आवश्यक हो, अतिरिक्त पानी डालने से चावल के सभी पोषक तत्व बाहर निकल सकते हैं। फोर्टिफाइड चावल का उपयोग करने पर उपभोक्ताओं को एनीमिया जैसे रोगों में लाभ प्राप्त होगा।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में योजना के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला

# अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को दिलाएं लाडली बहना योजना का लाभ






**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 का शुभारम्भ जम्बूरी मैदान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किया गया। उक्त कार्यक्रम के अनुक्रम में जिले में योजना पर एक दिवसीय अंतर्विभागीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रट कटनी स्थित सभाकक्ष में कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक रहे। जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी एवं भाजपा महिला मोर्चे की जिलाध्यक्ष सीमा जैन सोगानी की भी आयोजन में उपस्थिति रही। कार्यशाला का शुभारम्भ अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं कन्या पूजन से किया गया। तदोपरांत जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, कटनी नयन सिंह द्वारा प्रतिभागियों को ''मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023'' के उद्देश्यों, योजना अंतर्गत पात्रता एवं अपात्रता, आवश्यक दस्तावेजों, आवेदन प्रक्रिया, योजनान्तर्गत लाभ, आपति निराकरण समितियों एवं क्रियान्वयन के समबन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर अवि प्रसाद ने अपने उद्‌बोधन में जमीनी स्तर पर योजना का सफल क्रियान्वयन करने एवं अधिकाधिक संख्या में पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। मनीष पाठक अध्यक्ष नगर निगम द्वारा अपने उद्बोधन में योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिला सशक्तिकरण की दिशा में इसे अभूतपूर्व कदम बताया गया। रोमानुस टोप्पो, अपर कलेक्टर द्वारा योजना के क्रियान्वयन से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण जानकरियों के समबन्ध में प्रतिभागियों से चर्चा की गयी। कार्यशाला में रोमानुस टोप्पो, अपर कलेक्टर, कटनी, पी. पी. सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी, श्रीमती मीणा बडकुल, सतीश पटेल, श्रीमती विया पांडेय, श्रीमती आरती यादव, संतोष अग्रवाल, परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य समबन्धित विभागों के अधिकारी, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मंच संचालन सुश्री वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास, कटनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रट कटनी में वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यशाला के उपरांत दोपहर 01 बजे से समस्त अधिकारीयों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कलेक्ट्रट स्थित एनआईसी सभाकक्ष में भोपाल में आयोजित ''मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023'' के शुभारम्भ कार्यक्रम के सीधे प्रसारण में सहभागिता की गई। राज्य स्तरीय शुभारम्भ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वार्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

# ग्राम मटवारा में धरवारा फीडर से हो रही पर्याप्त विद्युत आपूर्ति

**कटनी,यशभारत।** ग्राम मटवारा में गेंहू की फसल के लिये पानी ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से न मिलने व किसान परेशान होने की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए कार्यालय कार्यपालन अभियंता (सं.सं.) संभाग म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. कटनी को मामले की जॉच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। जिसके संबंध में वास्तविक स्थिति की जाँच वितरण केन्द्र प्रभारी स्लीमनाबाद के द्वारा किये जाने पर पाया गया कि धरवारा फीडर के ग्राम मटवारा में स्थापित 100 केव्हीए का विद्युत ट्रॉंसफॉर्मर खराब हो गया था । जिसको दिनांक 01 मार्च को बदलकर तीन फेस में सप्लाई चालू कर दी गई है एवं मण्डल व कंपनी के नियमानुसार सभी कृषि फीडरों में 10 घण्टे विद्युत सप्लाई दी जा रही है जो कि शिफ्ट ए में सुबह 7 बजे से 12.55 बजे तक एवं शिफ्ट बी में रात 11 बजे से 2.55 बजे कुल 10 घण्टे विद्युत सप्लाई प्रदान की जा रही है।

# नेशनल पैरा एंड डेफजूडो चौम्पियनशिप आशीष ने जीता कांस्य पदक



**कटनी,यशभारत।** 11वां नेशनल पैरा एंड डेफ जुडो चौम्पियनशिप (दृष्टिबाधित एवं श्रवण बाधित बच्चों के लिए) लखनऊ में दिनांक 03-05 मार्च 2023 को आयोजित किया गया। जिसमे सक्षम छात्रावास के चार बच्चों विजयराघवगढ़ निवासी राहुल भुइयां, आशीष केवट संदीप केवट तथा बड़वारा निवासी अमित यादव ने कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार दृष्टि बाधित जूनियर कैटेगरी में सहभागिता की। आयोजित प्रतियोगिता में आशीष केवट पिता संतोष कुमार केवट ग्राम सिंघनपुरा, विजयराघवगढ़ ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुए कांस्य पदक जीत कर सक्षम छात्रावास का नाम रोशन किया। विदित हो कि पैरानेशनल जूडो चौंपियनशिप में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने जा रहे चारों खिलाड़ियों के लिए किट एवं आने जाने की व्यवस्था विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक द्वारा की गई थी। विगत बुधवार को कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा खिलाड़ियों को माला पहना कर अभिनंदन किया था तथा विजय होने की शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साह वर्धन भी किया था। इन चारों खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विजय पाल की देखरेख में कोई चंदन चक्रवर्ती द्वारा प्रतियोगिता के 1 सप्ताह पूर्व से कड़ा प्रशिक्षण दिया गया था। चारों खिलाड़ी केयर टेकर अविनाश बैरागी के साथ 2 मार्च की रात चित्रकूट एक्सप्रेस से कटनी से लखनऊ के लिए रवाना हुए थे। प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने आशीष को बधाई दी है। कलेक्टेल अवी प्रसाद नें भी आशीष को शाबादी प्रदान कर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## आज रात्रि 10 बजे से 9 मार्च की रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों रहेगा पूर्णतः प्रतिबंध



कटनी,यशभारत। होलिका दहन एवं धुरेड़ी पर्व के दौरान कानून व्यवस्था एवं आमजन की सुरक्षा तथा सुरक्षित आवागमन को मद्देनजर रखते हुए दिनांक 07.मार्च की रात्रि 10 बजे से दिनांक 09 मार्च की रात्रि 10 बजे तक शहर में भारी वाहनों हेतु नो एंट्री में मिलने वाली छूट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी । इस दौरान शहर के अंदर सभी प्रकार के भारी वाहन जैसे-ट्रक,क्रेन,डम्फर,हाइवा,जेसीबी,एलपीटी इत्यादि का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा ।अन्य कमर्शियल वाहन जैसे-यात्री बस,लोडर एचं पिकअप इत्यादि को शहर में आमजन की भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए समय अनुकूल प्रवेश दिया जावेगा ।यातायात पुलिस कटनी ने आमजन को सूचित करते हुए यातायात नियमों का पालन करनें की अपील की है।



# गोलबाजार के थोक सब्जी व्यापारी पहरूआ मंडी में व्यापार करने तैयार

## मंडी व दाण्डिक शुल्क अदा कर प्राप्त करेंगे व्यापार की अनुज्ञप्ति

**कटनी,यशभारत।** कृषि उपज मंडी समिति सचिव ने बताया कि रविवार को प्रातः 7.00 बजे से गोलबाजार कटनी में फ्ल व्यापारियों के दुकानों का निरीक्षण गठित उडनदस्ता दल द्वारा किया गया, जिसमें कतिपय फ्ल व्यापारियों द्वारा जोर-जोर से चिल्ला-चिल्ला कर भीड़ इकट्ठी करते हुये उडनदस्ता दल एवं जाँच दल के विरूद्ध भडकाने भीड को उग्र करने के भरसक प्रयास करते हुये गोलबाजार की सभी दुकानों को बंद करवाने का कार्य किया गया। साथ ही मण्डी प्रशासन के विरूद्ध नारेबाजी की गई। इस प्रकार संबंधितों द्वारा गठित उडनदस्ता दल एवं जाँच के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अभ्रदता करते हुये शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। मौके पर शांती भंग न हो और किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो, इस लिये उडनदस्ता दल एवं जाँच दल को मौके से हटना पड़ा। उक्त घटना की जानकारी कलेक्टर अवि प्रसाद जिला कटनी को प्राप्त होते ही सिटी कोतवाली प्रभारी को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। जिस पर पुलिस द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुये संबंधित फ्ल व्यवसाईयों को थाने ले जाया गया जहाँ मण्डी प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारियों से संबंधित फ्ल व्यवसाईयो द्वारा मण्डी अधिनियम की धारा 31 एवं उपविधि फ्ल सब्जी 2000 में वर्णित प्रावधान अनुसार शीघ्र ही थोक फ्ल सब्जी व्यापार की अनुज्ञप्ति प्राप्त कर नियमानुसार मण्डी प्रांगण पहरूआ में थोक फ्ल सब्जी का व्यापार करने एवं मण्डी व दाण्डिक मण्डी फीस जमा करने की सशर्त में लिखित में माफी मांगी, एवं उनके द्वारा जॉच दल के साथ किये गये अभ्रद व्यवहार हेतु खेद व्यक्त किया है। विदित हो कि कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशों के परिपालन एवं मण्डी प्रांगण के बाहर अवैध रूप से संचालित थोक फ्ल सब्जी मण्डी को शीघ्रतीशीघ्र मण्डी अधिनियम की धारा 31 एवं उपविधि फ्ल सब्जी 2000 में वर्णित प्रावधान अनुसार थोक फ्ल सब्जी व्यापार की अनुज्ञप्ति प्राप्त कर नियमानुसार मण्डी प्रांगण पहरुआ में थोक फ्ल सब्जी का व्यापार करने वालों से मण्डी फीस एवं दाण्डिक मण्डी फीस वसूली करने हेतु मण्डी समिति की ओर से उड़नदस्ता जाँच दल गठित करते हुये कार्यवाही किये जाने के आदेश अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रदाय किये गये है। मण्डी सचिव देवेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा समस्त थोक फ्ल सब्जी व्यावसाईयों से पुनः अपील की है कि शीघ्रतीशीघ्र मण्डी अधिनियम की धारा 31 एवं उपविधि फ्ल सब्जी 2000 में वर्णित प्रावधान अनुसार थोक फ्ल सब्जी व्यापार की अनुज्ञप्ति प्राप्त कर नियमानुसार थोक फ्ल सब्जी का व्यापार करने, समय पर व्यापार से संबंधित अभिलेख, दस्तावेज एवं नियमानुसार मण्डी फीस कार्यालय में जमा करें, अन्यथा दण्डात्मक कार्यवाही में तेजी लाई जावेगी।

# कैश बुक एवं बिल रजिस्टर में मिलान कर संदिग्ध आहरण की जांच के निर्देश

### फर्जी आहरण के प्रकरण मिलने पर तत्काल जांच समिति एवं कोषालय को दें सूचना

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर नें फर्जी आहरण के प्रकरण प्रकाश में आनें के पश्चात जिले के समस्त कार्योलयों के विभाग प्रमुख एवं आहरण संवितरण अधिकारी को वित्तीय वर्ष 2022-23 के माहवार से जनरेट का सही से अवलोकन कर कैश बुक एवं बिल रजिस्टर से मिलान कर फर्जी संदिग्ध आहरण की जांच करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने फर्जी आहरण के प्रकरण मिलने पर तत्काल जिले में अपर कलेक्टर कटनी की अध्यक्षता में गठित जांच समिति एवं जिला कोषालय कटनी को सूचित करने हेतु निर्देशित किया है। विदित हो कि जिले में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बडवारा, उप संचालक पशु चिकित्सा कटनी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ढीमरखेडा, जनपद पंचायत ढीमरखेडा, जनपद पंचायत बडवारा, लोक निमार्ण विभाग एवं जिला सांख्यिकीय कार्यालय में फर्जी आहरण के प्रकरण प्रकाश मे आये है, जिसमे समान स्वीकृत आदेश को फर्जी तरीके से दोबारा उपयोग कर फर्जी खातो में आहरण किया गया है। उक्त के संबंध मे संचालनालय कोष एवं लेखा पर्यावास भोपाल के पत्र के माध्यम से दोहरे एवं संदिग्ध आहरण के ऐसे प्रकरण जिले के अन्य कार्यालयो मे होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये जांच कराने के निर्देश दिये गये है। अत: जिले के समस्त कार्यालयों के आहरण संवितरण अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कार्यालय द्वारा भुगतान किये गये शासकीय सेवक एवं हितग्राहियों के बैंक खाता नंबर स्पेज से जांच कर संबंधितो को भुगतान सुनिश्चित करने की कार्यवाही 07 दिवस की समय-सीमा पूर्ण कर इस आशय का प्रमाण पत्र जिले में गठित जांच समिति एवं जिला कोषालय अधिकारी कटनी को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है। इस कार्य को पूर्ण कराने एवं मॉनीटरिंग हेतु अभय कुजूर को दायित्व प्रदान किया गया है। कलेक्टर ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को पारित देयकों की जांच करने एवं कोई भी फर्जी भुगतान संबंधी प्रकरण नही है का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

## पेयजल टंकी बनने के 10 साल बाद भी शुरू नहीं हो सकी थी नल जल योजना

# कलेक्टर की पहल पर तिलगवां में पेयजल आपूर्ति प्रारंभ

**कटनी,यशभारत।** तिलगंवा पंचायत नल जल योजना की शिकायत सी0एम0 हेल्पलाईन 181 में 2 माह पूर्व किये जाने एवं कई बार बतानें के पश्चात भी शिकायत का कोई निराकरण नही हुआ। पंचायत में टंकी बने 10 साल हो जाने के बाद भी पूरे गावं में पानी की समस्या होने की जानकारी प्राप्त होते ही कलेक्टर कटनी द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लेते हुए कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी को मामले की जॉच कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। निर्देश के परिपालन में विभाग द्वारा वास्तविक स्थिति की जाँच उपयं रोहित ठाकुर,लो.स्वा.यां.वि. उपखण्ड कटनी व्दारा विगत 15 फरवरी 2023 को मौका स्थल पर कराई गई।निरीक्षण के दौरान पाया कि ग्राम तिलगवां में पेयजल व्यवस्था हेतु पूर्व की निर्मित उच्च स्तरीय टंकी से ग्राम पंचायत के माध्यम से पेयजल व्यवस्था संचालित की जा रही थी। पूर्व की योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित होने के कारण संचालन एवं संधारण सम्बंधित ग्राम पंचायत व्दारा किया जा रहा है। ग्राम पंचायत व्दारा रूचि नही लेने के कारण योजना बंद थी। उक्त शिकायत संज्ञान में आने के उपरांत सम्बंधित संविदाकार व्दारा मोटर पंच का सुधार कार्य करवा दिया गया है। ग्राम पंचायत तिलगवां की नलजल योजना की शिकायत 2 माह पूर्व की गई थी,उसका निराकरण कर 01 मार्च को कराया जाकर सभी ग्रामवासियों को पेयजल अपूर्ति नियमित रूप की जा रही है।



# रोहित शर्मा का मास्टर प्लान, अहमदाबाद टेस्ट में होगी घातक खिलाड़ी की एंट्री!

**नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज अब अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच रही है। अभी तक जो तीन टेस्ट खेले गए हैं, उसके पहले दो मैच जीतकर टीम इंडिया ने बढ़त बना ली है, लेकिन इससे पहले ही सीरीज पर कब्जा किया जाता, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वापसी की और इंदौर में खेला गया तीसरा मैच नौ विकेट से अपने नाम कर लिया। अब सीरीज का आखिरी मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा और इसका आगाज नौ मार्च से होने जा रहा है। टीम इंडिया के लिए ये मैच जीतना बहुत जरूरी है, अगर मैच भारतीय टीम हारी या फिर ड्रॉ पर समाप्त हुआ तो टीम इंडिया के लिए डब्ल्यूटीसी के फाइनल में जाने की राह में रोड़ा अटक जाएगा और टीम बाहर भी हो सकती है। चौथे टेस्ट से पहले टीम इंडिया आज यानी छह मार्च को अहमदाबाद में फिर से एकत्र हो रही है और अब रणनीत बनाने का काम शुरू हो गया है। इस बीच खबर है कि कप्तान रोहित शर्मा ने कंगारुओं को पछाड़ने के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया है, जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम के होश फाख्ता हो सकते हैं। रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ एक ऐसे खिलाड़ी की प्लेइंग इलेवन में एंट्री करा सकते हैं जो मैच विनर है और कंगारुओं को संकट में डाल सकता है।**



### अहमदाबाद टेस्ट में हो सकती है शार्दुल ठाकुर की प्लेइंग इलेवन में एंट्री


टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने इंदौर टेस्ट से एक दिन पहले जब मीडिया से बात की थी तब इस ओर इशारा किया था कि आखिरी टेस्ट में शार्दुल ठाकुर की वापसी हो सकती है। शार्दुल ठाकुर उस टीम में शामिल किए गए थे, जब बीसीसीआई की ओर से पूरी सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया गया था। लेकिन बीच में उनकी शादी थी, इसलिए वे तीन में से एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। लेकिन अब माना जा रहा है कि आखिरी मुकाबले में मोहम्मद सिराज को रेस्ट दिया जा सकता है। वैसे तो मोहम्मद सिराज अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और तीनों मैच खेले हैं। ऐसे में हो सकता है कि उन्हें रेस्ट दिया जाए, क्योंकि मोहम्मद सिराज उस टीम में भी शामिल हैं, जो वनडे सीरीज खेलेगी। ऐसे में वे रेस्ट पर जा सकते हैं। पहले दो टेस्ट खेलने वाले मोहम्मद शमी को भी तीसरे टेस्ट में रेस्ट दिया गया था और उनकी जगह उमेश यादव को मौका मिला और उन्होंने कमाल की गेंदबाजी की। शार्दुल ठाकुर की टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में एंट्री से गेंदबाजी में तो धार आएगी ही, साथ ही बल्लेबाजी में भी गहराई बढ़ जाएगी। अभी नंबर नौ पर अक्षर पटेल बल्लेबाजी के लिए आते हैं, शार्दुल ठाकुर के आने से एक और बल्लेबाज बढ़ जाएगा। वैसे भी मोहम्मद? सिराज अपनी बल्लेबाजी के लिए जाने नहीं जाते हैं और वनडे सीरीज से पहले उन्हें रेस्ट भी मिल जाएगा।

### टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में ज्यादा बदलाव की संभावना नहीं

टीम इंडिया ने अब तक खेले गए तीन मैचों की प्लेइंग इलेवन में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं किए हैं। भारतीय टीम ने पहले जो दो मैच जीते हैं, उसकी बात की जाए या फिर इंदौर में खेले गए उस मैच की जिसमें हार मिली है। हर बार गेंदबाजों ने तो अपना काम किया है, लेकिन बल्लेबाजी में चूक होना कहीं न कहीं खल गया है। आखिरी मैच भारतीय टीम के लिए काफी अहम होगा। अगर ये मैच टीम इंडिया हारती है तो सीरीज बराबरी पर समाप्त होगी और इसके बाद आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जाने के लिए दूसरी टीमों पर निर्भर रहना पड़ेगा, लेकिन अगर जीत मिली तो ऑस्ट्रेलिया के बाद टीम इंडिया फाइनल में जाने वाली दूसरी टीम बन जाएगी। जहां तक बाकी टीम को लेकर सवाल है तो इसमें बहुत ज्यादा बदलाव की संभावना नजर नहीं आती, लेकिन मैच से एक दिन पहले यानी आठ मार्च को जब रोहित शर्मा मीडिया से बात करेंगे, उसमें काफी हद तक प्लेइंग इलेवन को लेकर पत्ते खुल जाएंगे, लेकिन ऐलान नौा मार्च को टॉस के ही वक्त होगा, जब कप्तान मैदान पर सुबह नौ बजे उतरेंगे।

# रणदीप दूसरे सीजन का हिस्सा बनकर काफी खुश

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



छोटे परदे के धारावाहिक बड़े अच्छे लगते हैं में एक्टर रणदीप राय दूसरे सीजन का हिस्सा बनकर काफी खुश हैं। इस धारावाहिक में वह राघव की भूमिका निभा रहे हैं। रणदीप पहले सीजन का हिस्सा बनने में विफल रहे थे। उन्होंने कहा, मैं हमेशा एक एक्टर बनना चाहता हूं और मैंने पीहू के लवर की भूमिका के लिए बड़े अच्छे लगते हैं सीजन 1 के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन दुर्भाग्य से मेरा सलेक्शन नहीं हुआ। लेकिन मैंने हार नहीं मानी। मुझे राम और प्रिया की बेटियों में से एक के लवर के रोल में बुलाया गया। मेरी मेहनत रंग लायी, अब मैं शो के दूसरे सीजन में मुख्य भूमिका निभा रहा हूं। उन्होंने कहा-मैं बहुत खुश और उत्साहित हूं कि 9 साल बाद चीजें काम कर रही हैं और मैं इस तरह के शो का हिस्सा हूं। राघव एक ऐसा किरदार है जो सभी परिस्थितियों से शांत रहता है। उसके अंदर खुद को साबित करने की ललक है।

# ड्रोन कैमरा से घायल हुए सिंगर बेनी दयाल

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



मंच पर लाइव कॉन्सर्ट के दौरान सिंगर्स बेनी दयाल ड्रोन कैमरा से घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सिंगर ने घटना की सूचना अपने इंस्टाग्राम पर देते हुए कहा, लाइव स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान ड्रोन गलती से मेरे सिर से टकरा गया और मुझे उंगलियों पर कुछ चोटें भी आईं। मेरे सिर पर थोड़ी सी चोट लगी है। मेरी दो उंगलियां पूरी तरह से चोटिल हो गईं। लेकिन ये सब ठीक है। मुझे लगता है कि मैं इससे बहुत तेजी से ठीक हो रहा हूं। प्यार और प्रार्थनाओं के लिए सभी को धन्यवाद। वीडियो में बेनी ने आगे कहा, 'मैं हर सिंगर्स के लिए तीन बातें बताना चाहता हूं। जब भी वह कोई लाइव कॉन्सर्ट करें तो यह पहले ही देख लें कि जब वह परफॉर्म कर रहे हों तो ड्रोन उनके करीब न आ पाए क्योंकि ड्रोन को अचानक आने से नहीं रोका जा सकता है।

# अमिताभ की साउथ इंडस्ट्री में एंट्री

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



बालीवुड के बिग बी यानि अमिताभ बच्चन की अंडरवर्ल्ड का कब्ज़ा से आनंद पंडित की साउथ इंडस्ट्री में एंट्री हुई है। एक रोमांचक टीजर और मनोरंजक गीतों के साथ, फिल्म ने उपेंद्र और किच्चा सुदीपा को आमने-सामने देखने के लिए दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर दिया है! आज बॉलीवुड के शहंशाह महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने सोशल मीडिया पर अंडरवर्ल्ड का कब्ज़ा का हाई-वोल्टेज ट्रेलर लॉन्च किया। ट्रेलर में फिल्म के एक्शन और दमदार डायलॉग्स की भरमार है। इस फिल्म में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, उपेंद्र ने साझा किया, ÷जब मैंने फिल्म की कहानी सुनी, तो मैं अर्केश्वरा के जीवन से बहुत प्रभावित हुआ और मैंने इस पीरियड ड्रामा का हिस्सा बनने का फैसला किया। श्रिया सरन ने साझा किया, ÷यह जानते हुए कि अंडरवर्ल्ड का कब्ज़ा में उपेंद्र, किच्छा सुदीपा जैसे प्रतिभाशाली कलाकार हैं और फिल्म आर. चंद्रू द्वारा निर्देशित होने के कारण, किसी भी अभिनेत्री के लिए खुद को इतनी भव्य फिल्म से जोड़ना असंभव था।

# सोनम ने कराया एक नया फोटोशूट

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



बालीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर माथे पर बिंदी के साथ काले रंग के एथनीवियर और पारंपरिक ज्वेलरी में खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस सोनम ने अपने पिता अनिल कपूर के घर पर एक नया फोटोशूट कराया है। इंस्टाग्राम पर उन्होंने जो फोटोज शेयर कीं। एक्ट्रेस ने मजाक में कहा कि फोटोग्राफर उन्हें तभी अच्छे से क्लिक करता है जब वह इंडियन वियर में होती हैं। इंस्टाग्राम पर फोटोज को शेयर करते हुए सोनम ने लिखा, इन भारतीय नाटकीय तस्वीरों से प्यार है ... धन्यवाद वैश्नव प्रवीण मुझे केवल भारतीय में अच्छी तरह से शूट करने के लिए। एक फैंन ने फोटोज पर कमेंट करते हुए लिखा, सोनम के पास सबसे खूबसूरत चेहरा और मुस्कान है। एक अन्य ने टिप्पणी की, हमेशा की तरह बहुत खूबसूरत। एक और ने लिखा, आप बहुत खूबसूरत लग रही हैं सोनम कपूर।

# रेना हैं आईपीएल इतिहास के सबसे महान खिलाड़ी : कुंबले

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले आईपीएल का सबसे महान खिलाड़ी सुरेश रेना को मानते हैं। कुंबले की नजर में विराट कोहली, महेन्द्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा, एबी डिविलियर्स और शिखर धवन नहीं बल्कि रैना इस अवार्ड के अधिकारी हैं। कुंबले से जब यह पूछा गया कि आईपीएल इतिहास का सबसे बेहतर खिलाड़ी कौन है तो कुंबले ने रैना का नाम लिया। रैना ने गत वर्ष आईपीएल से भी संन्यास ले लिया था। उन्होंने अंतिम बार ये टूर्नामेंट साल 2021 में खेला था। उन्होंने आईपीएल में 205 मैचों में भाग लेते हुए 136 के स्ट्राइक रेट से 5,528 रन बनाए है। इसमें एक शतक भी शामिल है। रैना आईपीएल में कप्तानी भी रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर प्रतिबंध लगने के बाद गुजरात लायंस नाम नई टीम बनी थी जिसके कप्तान रैना थे। वह साल 2016 में गुजरात लायंस को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में सफल हुए थे। रैना के अलाव वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल को भी महान खिलाड़ी के लिए चुना गया। गेल आईपीएल में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं।

# आप बिल्कुल सनी देओल की तरह दिखते हैं

## जब महाराष्ट्र के गांव में किसान से मिले सनी देओल.. हंसते हुए बोले- हां वहीं हूं

**मुंबई, एजेंसी।** सनी देओल ने 5 मार्च को अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में सनी देओल बैलगाड़ी पर सवार एक किसान से बातचीत कर रहे थे। हालांकि खास बात ये रही है कि उस किसान को पता ही नहीं था कि वो सनी देओल से बात कर रहा है।किसान सनी से बातचीत के दौरान कहता है, च्आप तो सनी देओल की तरह दिख रहे हैं।ज्इस पर एक्टर ने कहा कि वो सनी देओल ही हैं। ये सुनते ही किसान बिल्कुल भौचक्का रह गया। सनी इन दिनों महाराष्ट्र के अहमदनगर में अपनी फिल्म गदर 2 की शूटिंग कर रहे हैं। सनी देओल इन दिनों अपनी फिल्म गदर 2 की शूटिंग के लिए महाराष्ट्र के अहमदनगर पहुंचे हुए हैं, वहीं उनकी मुलाकात एक किसान से हुई जो उन्हें पहचान नहीं पाया। किसान को यकीन नहीं हुआ कि वो असली सनी देओल को अपने सामने देख रहा है।सनी देओल इन दिनों अपनी फिल्म गदर 2 की शूटिंग के लिए महाराष्ट्र के अहमदनगर पहुंचे हुए हैं, वहीं उनकी मुलाकात एक किसान से हुई जो उन्हें पहचान नहीं पाया। किसान को यकीन नहीं हुआ कि वो असली सनी देओल को अपने सामने देख रहा है।

### किसान ने कहा- आपके पिता धर्मेंद्र के वीडियोज देखता हूं

किसान ने पहले तो न पहचानने के लिए सनी देओल से माफी मांगी, और कहा कि वो उनके पिता धरम जी के सोशल मीडिया पर सारे वीडियोज देखता है। सनी ने कहा कि ये सब देख कर उन्हें उनका गांव याद आता है। सनी ने इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, च्अहमदनगर में गदर की शूटिंग के दौरान।



### 11 अगस्त को रिलीज होगी गदर 2

बात गदर 2 की करें तो फिल्म 11 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होगी। ये 2001 की ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर की सीक्वल थी। पिछली फिल्म की तरह इसका भी डायरेक्शन अनिल शर्मा ने किया है। बॉक्स ऑफिस पर इसकी टक्कर रणबीर कपूर की एनिमल और विवेक अग्निहोत्री की द वैक्सीन वॉर से होगी।

# स्पोंसर नहीं मिला तो बल्ले पर धोनी का नाम लिखा

## यूपी वॉरियर्ज की किरण नवगिरे धोनी का नाम लिखकर बल्लेबाजी करने उतरी, जड़ दी फिफ्टी

**मुंबई, ईएमएस।** WPL यानी विमेंस प्रीमियर में यूपी वॉरियर्ज की बैटर किरण नवगिरे को अपने बैट के लिए स्पोंसर नहीं मिला। नवगिरे ने इस वजह से अपने बल्ले पर भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का नाम लिख कर बल्लेबाजी करने उतरी। नवगिरे ने 43 बॉल में 53 रन की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और टीम की जीत में अहम योगदान दिया। नवगिरे ने बल्ले पर महेंद्र सिंह धोनी का शॉर्ट फॉर्म में नाम स्ष्ठ और उनका जर्सी नंबर 07 लिख कर बल्लेबाजी करने उतरी थी। उन्होंने धोनी का नाम बैट के पिछले हिस्से पर लिखा था।

**सोशल मीडिया पर भी धोनी का फोटो-** किरण नवगिरे ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी धोनी का फोटो लगा रखा है। नवगिरे इंस्टाग्राम पर एक्टिव है। उन्होंने अपनी प्रोफाइल पिक्चर में एमएस धोनी का फोटो लगा रखा है। नवगिरे के इंस्टाग्राम पर 4500 से भी ज्यादा फॉलोवर्स है।

**टीम ने पॉवरप्ले में ही गवां दिए थे 3 विकेट, फिर नवगिरे ने संभाला-** 170 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी यूपी वॉरियर्ज की टीम ने पावरप्ले में ही 3 विकेट गंवा दिए। किरण नवगिरे ने यहां से पारी संभाली, उन्होंने 53 रन बनाए। नवगिरे के बाद हैरिस और एक्लेस्टन ने आक्रामक बल्लेबाजी से मैच पलटकर अपनी टीम को जीत दिलाई। यूपी की बाकी बैटर्स में एलिसा हीली 7, श्वेता सेहरावत 5, ताहलिया मैक्ग्रा 0, दीप्ति शर्मा 11, सिमरन शेख 0 और देविका वैद्य 4 रन बनाकर आउट हुई।



**यूपी वॉरियर्ज ने 30 लाख रुपए में खरीदा-** सोलापुर, महाराष्ट्र में जन्मी किरण विमेंस प्रीमियर लीग में उत्तर प्रदेश वॉरियर्स के लिए खेल रही हैं। नीलामी में फ्रेंचाइजी ने उन्हें बेस प्राइस 30 लाख रुपये में खरीदा था। वे महाराष्ट्र से है लेकिन, डोमेस्टिक क्रिकेट में वें नागालैंड की टीम से खेलती है।

**2022 में भारत के लिए किया था डेब्यू-** नवगिरे ने भारत के लिए सितम्बर 2022 में डेब्यू किया था। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ अपना पहला टी-20 इंटरनेशनल मैच खेला था। डेब्यू में वें 7 रन बना कर आउट हो गई थी।

**गांव के लड़कों के साथ क्रिकेट खेलना शुरू किया-** WPL शुरू होने से पहले जियो सिनेमा से बात करते हुए किरण नवगिरे ने कहा था कि मैंने धोनी को देखने के बाद ही क्रिकेट खेला शुरू किया। जब धोनी ने 2011 में भारत को वर्ल्ड कप जिताया, तब से मैंने उन्हें ही फॉलो किया है।

# नोवाक जोकोविच ने इंडियन वेल्स से अपना नाम वापस लिया

## कोरोना वैक्सीन नहीं लगाने पर अमेरिका में एंट्री पर है बैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड नंबर वन टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में होने वाले एटीपी टूर्नामेंट इंडियन वेल्स से अपना नाम वापस ले लिया है। इसकी पुष्टि रविवार को आयोजकों ने की। जोकोविच कोरोना वैक्सीन का टीका नहीं लगवाया है। वहीं अमेरिकी नीतियों के मुताबिक बिना कोरोना वैक्सीन लगवाये व्यक्ति को यूएस में एंट्री नहीं दी जाती है। जोकोविच ने अमेरिकी अधिकारियों से स्पेशल प्रवेश देने के लिए अनुरोध किया था। इंडियन वेल्स 6 मार्च से 19 मार्च के बीच होना है। सर्बियाई स्टार को पिछले साल ऑस्ट्रेलिया ओपन और यूएस ओपन से वंचित होना पड़ा था। पिछले साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ओपन के बीच में से उन्हें कोरोना वैक्सीन का सर्टिफिकेट नहीं होने के कारण वापस भेज दिया गया था। वहीं कोरोना का वैक्सीन नहीं लेने की वजह से यूएस ओपन भी नहीं खेल जाए थे।



### जोकोविच जीत चुके हैं 22 ग्रैंड स्लैम

जोकोविच संयुक्त रूप से राफेल नडाल के साथ 22 ग्रैंड स्लैम जीतकर सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने वाले टेनिस खिलाड़ी हैं। इन दोनों के बाद रोजर फेडरर 20 ग्रैंड स्लैम जीतकर दूसरे नंबर पर हैं।

# पठान से पिछड़ने पर बाहुबली-2 के मेकर्स ने किया रिएक्ट

## बोले- रिकॉर्ड तो टूटेंगे ही, लेकिन खुशी है कि शाहरुख की फिल्म ने ये कारनामा किया






**मुंबई, ईएमएस।** पठान ने बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अब बाहुबली 2 के को-प्रोड्यूसर शोबू यारलागड्डा ने ट्वीट करके शाहरुख खान और पठान की पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने लिखा कि रिकॉर्ड तो बनते ही टूटने के लिए हैं लेकिन उन्हें इस बात की खुशी है कि शाहरुख खान की फिल्म ने ये रिकॉर्ड तोड़ा है। पठान के मेकर्स ने भी शोबू का शुक्रिया अदा किया है। पठान ने 4 मार्च को ही बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। पठान ने अब तक 513.75 करोड़ की कमाई कर ली है।

### यशराज फिल्म्स ने आभार जताया

यशराज फिल्म्स ने भी शोबू का आभार जताते हुए लिखा, च्भारतीय सिनेमा कैसे आगे बढ़ रहा है कि ये देख कर वाकई खुशी हो रही है। आपका शुक्रिया कि आपने एस.एस राजामौली के डायरेक्शन वाली बाहुबली 2 जैसी ऐतिहासिक फिल्म बनाई। इस फिल्म ने हमें और अधिक मेहनत करने के लिए इंस्पायर किया।

### सिर्फ 38 दिनों में पठान ने तोड़ा बाहुबली 2 का रिकॉर्ड

बाहुबली 2, 2017 में रिलीज हुई थी। इसके हिंदी वर्जन ने 510.90 करोड़ की कमाई की थी। रिलीज के बाद से ही इसने जो रिकॉर्ड बनाया वो आज तक टूट नहीं पाया था। अब शाहरुख ने पठान के जरिए चार साल बाद कमबैक करके नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रिलीज के 39 दिनों बाद और नई फिल्मों के रिलीज के बावजूद पठान शानदार कमाई कर रही है।

### वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में अब सिर्फ दंगल से पीछे

डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस के अलावा फिल्म विदेशों में भी झंडे गाड़ रही है। 1028 करोड़ के कलेक्शन के साथ पठान केवल दूसरी ऐसी बॉलीवुड फिल्म है जिसने 1000 करोड़ का जादुई आंकड़ा छुआ है। इससे पहले ये उपलब्धि सिर्फ आमिर खान की फिल्म दंगल के नाम थी। शाहरुख की पठान ने सलमान खान की बजरंगी भाईजान के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को भी पछाड़ दिया है। बजरंगी भाईजान ने पूरी दुनियाभर में 969.06 करोड़ का बिजनेस किया था। हालांकि गौर करने वाली बात ये है कि दंगल और बजरंगी भाईजान चीन में रिलीज हुई थी। इन दोनों फिल्मों ने वहां जबरदस्त कमाई की थी।

# जबलपुर कारपोरेशन कबड्डी टीम विजयी



**जबलपुर, यशभारत।** महाकोशल कीड़ा परिषद एवं जबलपुर कारपोरेशन कबड्डी संघ के संयुक्त तत्वावधान में अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर मैत्री कबड्डी मैच का आयोजन रानीताल खेल परिसर में किया गया। इस अवसर पर पूर्व भारतीय जनता पार्टी के जबलपुर महानगर केअध्यक्ष प्रभात साहू ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान के बारे में विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए विजयी टीमों को पुरस्कृत किया.. इस अवसर पर महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ प्रशांत मिश्रा, कारपोरेशन कबड्डी संघ के सचिव शानू यादव, कबड्डी संघ के संरक्षक अमित साहू, साई के क्षेत्रीय निदेशक कुलदीप बरार, योगासना स्पोर्ट्स के महासचिव दिनेश सिंह ठाकुर, वॉलीबॉल संघ के उपाध्यक्ष राजेश कांत सोनकर, संतोष जी फिटनेस ट्रेनर मंचासीन थे । महिला वर्ग मुकाबले में जबलपुर कारपोरेशन ने रानीताल स्पोर्ट्स को 4 अंकों से हराकर जबकि पुरुष वर्ग में जबलपुर कारपोरेशन ने जूनियर स्टार अकैडमी को हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया।

## आज रात्रि होलिका दहन



सुभाष चौक में स्थापित भक्त प्रहलाद व होलिका की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

### होलिका दहन का शुभ मुहूर्त

**फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि आरंभ- 06 मार्च, सोमवार को शाम 04 बजकर 17 मिनट से आरंभ, फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि का समापन- 7 मार्च, मंगलवार को शाम 06 बजकर 09 मिनट पर भद्रा- 6 मार्च को शाम 04 बजकर 17 मिनट से शुरू होकर 7 मार्च को भद्रा सुबह 5 बजकर 15 मिनट तक, होलिका दहन का शुभ मुहूर्त- 07 मार्च, मंगलवार को शाम 06 बजकर 12 मिनट से रात 08 बजकर 39 मिनट तक रहेगा।**

# विजिलेंस अधिकारियों से मारपीट होटल संचालक पर एफआईआर नहीं

## बाम्बे होटल में मीटर की जांच करने पहुंचे विद्युत विभाग के अधिकारियों को बंधक बनाकर पीटने का आरोप, पुलिस ने लिखित शिकायत लेकर शुरू की जांच





**कटनी, यशभारत। मीटर में लोड अधिक होने की सूचना मिलने पर माधवनगर स्थित बाम्बे होटल में जांच करने गए विद्युत विभाग के विजिलेंस टीम के अधिकारियों के साथ होटल संचालक प्रकाश आहूजा द्वारा अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर मारपीट के मामले में माधवनगर पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। घटना के चौबीस घंटे बीतने के बाद भी पुलिस मामले की जांच पूरी नहीं कर पाई है। माधवनगर पुलिस का कहना है कि इस मामले में दोनों पक्षों ने लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मामले की जांच की जा रही है, इसके बाद ही वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। आरोपियों पर अब तक कार्रवाई नहीं होने से विद्युत विभाग के अधिकारियों में रोष देखा जा रहा है। उनका कहना है कि होटील संचालक द्वारा बंधक बनाकर मारपीट किए जाने के बाद भी पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की गई और लिखित शिकायत की जांच की बात कही जा रही है।**

माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तांगा स्टेंड के पास स्थित बॉम्बे होटल में विजिलेंस टीम में शामिल कार्यपालन अभियंता सुभाष नागेश्वर, कनिष्ठ अभियंता अनुराग अग्निहोत्री, लाइनमैन चंद्रभान कोष्ठा, आउटसोर्स कर्मचारी प्रहलाद नामदेव, उमेश गर्ग, अभिषेक दुबे सोमवार की दोपहर मीटर में अधिक लोड होने की शिकायत पर जांच के लिए पहुंचे थे। और होटल में लगे बिजली के दो मीटरों में लोड की जांच करने के लिए कहा। खबर मिलते ही होटल संचालक प्रकाश आहूजा भी वहां पहुंचे। कार्यपालन अभियंता ने लोड बढ़े होने की जानकारी दी। जांच में पाया गया कि 10 किलोवाट स्वीकृत था, लेकिन 26 किलोवाट चल रहा था, जबकि दूसरे मीटर में 20 किलोवाट स्वीकृत था, लेकिन 27 किलोवाट चल रहा था। एक मीटर का पंचनामा बनाकर दस्तखत कराए गए। दूसरे मीटर के पंचनामे के लिए जब बात हुई तो होटल संचालक प्रकाश आहूजा ने कहा कि हम 80 हजार रूपए बिल भरते हैं। प्रकरण नहीं बनवाएंगे। अधिकारियों ने लोड बढ़वाने व केस बनाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर होटल संचालक व विजिलेंस टीम के बीच विवाद हो गया। विजिलेंस टीम के अनुसार उनके साथ गाली-गलौज करते मारपीट की गई। होटल संचालक ने दरवाजा बंद कर अधिकारियों के पास रुपए रखकर फोटो खींची, जब इसका विरोध किया तो कनिष्ठ अभियंता अनुराग अग्निहोत्री के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की गई। इस घटना के बाद विजिलेंस के अधिकारी अपना वाहन छोड़कर किसी तरह जान बचाकर भागे। माधवनगर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज करने की बजाए लिखित शिकायत देने के लिए कहा। जिस पर विजिलेंस ने लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की, तब तक होटल संचालक प्रकाश आहूजा भी वहां पहुंचे और पुलिस को लिखित शिकायत दी।

### इनका कहना है

मैंने लोड अधिक होने पर रसीद काटने के लिए कहा था, लेकिन अधिकारी नहीं माने और केस बनाने की धमकी देकर दो लाख रुपए की मांग करने लगे। रसीद न देने पर कागज में दस्तखत नहीं किया तो भड़क गए और विवाद करने लगे। मारपीट का आरोप निराधार है।

**-प्रकाश आहूजा,** होटल संचालक

विजिलेंस की टीम बॉम्बे होटल में लगे मीटरों की जांच करने पहुंची थी। दोनों मीटरों में स्वीकृत लोड से अत्यधिक भार था। प्रकरण बनाने पर होटल संचालक ने अभद्रता की। कनिष्ठ अभियंता के साथ मारपीट की गई है। इस मामले की शिकायत माधवनगर थाने में की गई है।

**-सुभाष नागेश्वर,** कार्यपालन अभियंता

बॉम्बे होटल में विजिलेंस टीम के अधिकारियों के साथ अभद्रता किए जाने की शिकायत मिली है। होटल संचालक ने भी विजिलेंस टीम की शिकायत की है। दोनों की शिकायतों को जांच में लिया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में शीघ्र वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**-विजय विश्वकर्मा,** थाना प्रभारी माधवनगर



# पहले पेंचवर्क, फिर सीवर इसके बाद डामरीकरण

### चांडक चौक से लेकर घंटाघर तक सड़क निर्माण को लेकर आयोजित बैठक में लिया गया निर्णय

**कटनी, यशभारत। चांडक चौक से लेकर घंटाघर तक सड़क का निर्माण कब तक पूरा होगा, इसका जबाव शहर के लोगों को अभी भी नहीं मिल पाया है। कभी सीसी तो कभी डामरीकरण के पेंच में उलझी यह सड़क शहर के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। अब जून महीने में सड़क निर्माण शुरू होने की बात सामने आ रही है। मतलब शहर के लोगों को अभी तीन महीने का इंतजार ओर करना पड़ेगा।**

सड़क निर्माण से पहले सीवर लाइन डाली जाएगी, जिससे इस मार्ग पर आवागमन बाधित रहेगा। सड़क निर्माण की प्रक्रिया के बीच कल एमआईसी सभागार में आयोजित बैठक में नवरात्रि पर्व को देखते हुए पहले पेंचवर्क और इसके बाद जून में सीवर व डामरीकरण कराए जाने का निर्णय लिया गया है। जनप्रतिनिधियों और नगर निगम प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि फिलहाल जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क चलने लायक बनाई जाएगी। जिससे नवरात्र पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

### जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह हुआ निर्णय

बताया जाता है कि सड़क निर्माण को लेकर नगर निगम परिसर में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, विधायक संदीप जायसवाल, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक तथा आम जनों के साथ नगर निगम प्रशासन, पुलिस प्रशासन के साथ जगन्नाथ चौक से घंटाघर के बीच होने वाले रोड निर्माण को लेकर विचार विमर्श हुआ, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि आगामी समय में प्रारंभ हो रहे नवदुर्गा महोत्सव के पूर्व सड़क को चलने लायक बनाया जाए, जिससे जालपा मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े, इसके पश्चात जून महीने तक सीवर लाइन डालकर डामरीकरण का कार्य किया जाएगा। इस निर्णय पर सामूहिक रूप से सहमति प्रदान की गई।

### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान एसडीएम प्रिया चंद्रावत, आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे, नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह, एमआईसी सदस्य संतोष शुक्ला, डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, श्रीमती बीना बैनर्जी, पार्षद शशिकांत तिवारी, राजेश भास्कर, सुमित्रा रावत, गोविंद चावला, सुरेंद्र गुप्ता, डॉ अशोक चौदहा, अनुराग त्रिसोलिया, नगर निगम के कार्यपालन यंत्री शैलेश जायसवाल, सुनील सिंह, अनिल जायसवाल, अश्वनी पांडे, आदेश जैन सहित सभी स्थानीय जनों की मौजूदगी रही।

### इन समस्याओं को लेकर उठा मुद्दा

बैठक में ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि समस्याओं को लेकर नगर निगम के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। सीवर लाइन काम शुरू होने से ट्रांसपोर्टरों को होगी समस्या। नगर निगम, यातायात व पुलिस ने अभी तक यह प्लान नहीं बनाया कि सड़क व सीवर लाइन बनने से कैसे सुचारू रहेगा यातायात। कहां से डायवर्ट किया जा सकेगा मार्ग। इस मार्ग में सड़क बनने व सीवर लाइन से 30 से अधिक ट्रांसपोर्टर प्रभावित होंगे।

# 3 करोड़ 53 लाख की लागत से बरही महाविद्यालय में बनेंगे अतिरिक्त कक्ष

**कटनी,यशभारत।** विजयराघवगढ़ विधानसभा के अंतर्गत बरही महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव के दौरान छात्र संघ एवं प्राचार्य द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विधायक संजय पाठक से महाविद्यालय में 28 सौ छात्र-छात्राओं के लिए कक्षों की कमी विषय रखा था। 25 फरवरी को महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव के दौरान विधायक संजय पाठक द्वारा अपने संबोधन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिल कर अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत करवाने को बोला था उन्होंने तब सभी को बताया भी था कि सेल इंडिया कुटेश्वर माइंस के सहयोग से 20 लाख की लागत से दो कक्षों के निर्माण के लिए स्वीकृत दिला दी हैं। बजट सत्र के दौरान विधायक संजय पाठक ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से मिल छात्र छात्राओं के हित में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए स्वीकृति देने का आग्रह किया था। आज 6 मार्च को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 6 अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 3 करोड़ 53 लाख रुपए का स्वीकृति पत्र जारी किया गया है। गौरतलब है की बरही महाविद्यालय में बीए, बीएससी व बीकॉम में 28 सौ छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। जिसके चलते 80 छात्र-छात्राओं की क्षमता वाली कक्षा में से अधिक विद्यार्थियों को बैठाया जाता था, लेकिन अब महाविद्यालय में 6 एवं 2 टोटल 8 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण होने से कक्षाओं में बैठने वाले विद्यार्थियों की संख्या कम हो जाएगी।



### जल्द होगा अतिरिक्त कक्षों का निर्माण

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. वर्मा का कहना है कि ने बताया कि शासन ने 3.53 करोड़ की राशि बरही महाविद्यालय को स्वीकृत की है। जिससे जल्दी ही यहां 6अतिरिक्त कक्ष बनेंगे। महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण को स्वीकृति मिलने की खबर आने पर नगर परिषद अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष लालजी मिश्रा, परिषद के पूर्व अध्यक्ष सतीश तिवारी, कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक संजय पाठक का आभार व्यक्त किया है।








**REQUIREMENT**

We require an male or female Tally/Busy software accountant ability to work on computer & internet.

**Salay- 10000/-**

**Contact no. 9425465227**

**रजिस्टर्ड बैनामा गुमा**

मेरे स्वामित्व की भूमि ग्राम गुड़गुडोंहा तहसील विजयराघवगढ़ पटवारी हल्का नम्बर 98/13 खसरा नम्बर 16/1 एवं 17/1 का रजिस्टर्ड बैनामा पिछले दिनों तिलक चौक से खलवारा बाजार के बीच कहीं गुम हो गया है। जिस किसी को मिले कृपया निम्लिखित पते पर सम्पर्क करें।

कार्यालय

**नसीम बस सर्विस लालनगर कैमोर**

**मो. 9898958286**














स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)